हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
दुमका,औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित

Page 11
खेल



टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका को झटका, स्टार तेज गेंदबाज ईशन मलिंगा पूरे टूर्नामेंट से बाहर

कांग्रेस ने पार्टी से निकाला तो बिफरीं नवजोत कौरसिद्धू, राहुल गांधी को कहदिया पप्पू

Page 10
देश



रजि नं.-JHAHIN/2022/82776 • दुमका • रविवार • 08 फरवरी 2026 • वर्ष 04 • अंक 354 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

# शादी की सालगिरह पर कल्पना सोरेन के साथ रजरप्पा पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**एजेंसी। रामगढ़**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी शादी की 22 वीं सालगिरह धार्मिक तरीके से मनाई। इस मौके पर रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका का दर्शन किया। शुक्रवार को वे कल्पना सोरेन के साथ झारखंड की प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना कर राज्य वासियों की सुख, शांति, समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रजरप्पा पहुंचते ही डीसी फ़ैज़ अक अहमद मुमताज और एसपी अजय कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का स्वागत किया। गॉर्ड ऑफ ऑनर लेने से पहले मुख्यमंत्री ने पारंपरिक रीति रिवाज को अपनाया। वे अपने परिजनों के साथ माता के दरबार में गए और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद जब वह मंदिर से बाहर निकले तो अपने समर्थकों से भी मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री को रामगढ़ वासियों ने विवाह की वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी।



# कुआला लंपुर में मलेशियाई प्रधानमंत्री ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

**एजेंसी। कुआला लंपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मलेशिया के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर शनिवार को कुआला लंपुर पहुंचने पर मेज़बान प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुआला लंपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार करीब पांच बजे प्रधानमंत्री मोदी का विमान उतरा। हवाईअड्डे पर मलेशियाई प्रधानमंत्री स्वयं मौजूद थे। हवाईअड्डे पर भारतीय उच्चायुक्त बी एन रेड्डी एवं अन्य अधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, सांस्कृतिक कलाकार भी आये थे। मेज़बान प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का गले लगा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मलेशियाई सेना की एक संयुक्त टुकड़ी ने प्रधानमंत्री को सलामी पेश की। सांस्कृतिक कलाकारों ने नृत्य पेश किया और बच्चों ने हाथों में मलेशिया एवं भारत के झंडे लहरा कर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "कुआला लंपुर पहुंचा। हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से गहरा





अभिभूत हूं। मैं हमारी बातचीत और भारत और मलेशिया के बीच दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ माइन्स इंटरनेशनल एग्ज़ीबीशन एंड कन्वेशन सेंटर के लिए रवाना हो गये जहां वह प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। मलेशिया में करीब 30 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं जिनमें से 27 लाख से अधिक लोगों के पास प्रवासी भारतीय ओसीआई कार्ड है। मलेशियाई राजधानी में जगह-जगह प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए बड़े-बड़े कटआउट एवं पोस्टर लगाये गये हैं। मोदी ने प्रधानमंत्री इब्राहिम के विशेष निमंत्रण पर आयोजित इस यात्रा पर रवाना होने से पहले आज सुबह नई दिल्ली में अपने वक्तव्य में कहा, "मैं आज अपने मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूँ। भारत और मलेशिया के ऐतिहासिक संबंधों में हाल के वर्षों में निरंतर प्रगति हुई है। मैं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ होने वाली चर्चाओं और हमारी व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूँ। हमारा लक्ष्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करना, आर्थिक एवं नवाचार साझेदारी को बढ़ाना और नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुपीम कोर्ट ने नाबालिग को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को गर्भपात की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 17 साल की एक नाबालिग लड़की की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को गर्भपात करने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को, उसकी इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट के सामने मामला एक नाबालिग लड़की का था, जो पड़ोस के एक लड़के के साथ रिश्ते के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थी और उसने मांग की है कि उसकी प्रेग्नेंसी खत्म कर दी जाए। कोर्ट ने हॉस्पिटल को निर्देश दिया कि वे सावधानियों को ध्यान में रखते हुए लड़की का गर्भपात करें। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि गर्भावस्था को पूरा समय दिया जाए तो मां और बच्चे की जान को कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद कोर्ट ने कहा कि मां की इच्छा और उसका अपने शरीर पर अधिकार सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर कोई महिला, खासकर नाबालिग प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती तो कोर्ट उसे मजबूर नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब 24 हफ्ते तक गर्भपात की अनुमति हो सकती है, तो फिर 30 हफ्ते में क्यों नहीं।

### यूएस में फार्मा उत्पाद समेत इन बस्तुओं पर लगेगा जीरो टैरिफ, पीयूष गोयल ने बताई पूरी लिस्ट

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते (इंटरिम ट्रेड डील) का फ्रेमवर्क जारी होने के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसके प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समझौते के तहत अमेरिका ने भारत से निर्यात होने वाली कई अहम वस्तुओं पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, जबकि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में किसी भी तरह की रियायत नहीं दी है। पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने जिन भारतीय उत्पादों पर शून्य शुल्क लागू किया है, उनमें जेम्स एंड ज्वैलरी, डायमंड्स, फार्मा उत्पाद, स्मार्टफोन्स, मसाले, चाय, कॉफी, नारियल, नारियल तेल, वेजिटेबल ऑयल, काजू, कई फल और सब्जियां शामिल हैं। इसके अलावा केला, आम, अनानास, मशरूम, वेजिटेबल रूट्स, कोको और उससे बने उत्पाद, प्रोसेस्ड फूड जैसे अमरूद का जैम, एयरक्राफ्ट पार्ट्स, मशीनरी पार्ट्स, एल्यूमिनियम पार्ट्स, जिंक ऑक्साइड, मिनरल्स, नेचुरल रबर, एसेंशियल ऑयल और प्लैटिनम कॉइंस जैसी वस्तुओं को भी 0 टैरिफ का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने दो टूक कहा कि भारत ने अपने किसानों और डेयरी सेक्टर के हितों से कोई समझौता नहीं किया है। उन्होंने बताया कि अमेरिका को मीट, पोल्ट्री, डेयरी उत्पाद, चीनी, सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, अमरनाथ, फल, ग्रीन टी, कोको, चना, एनिमल सीड्स, नॉन-एल्कोहलिक प्रोडक्ट्स, इथेनॉल और तंबाकू जैसे कृषि एवं उससे जुड़े उत्पादों पर कोई छूट नहीं दी गई है।



# भारत-अमेरिका ट्रेड डील अर्थव्यवस्था पर डालेगा गंभीर असरः कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को देश के लिए नुकसानदेह बताते हुए कहा है कि यह भारत को अमेरिका का 'डंपिंग ग्राउंड' बना देगा और किसानों व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डालेगा। पार्टी के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) वाला साझेदार रहा है। दशकों तक भारत ने अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। लेकिन ट्रंप प्रशासन की इस डील से भारत को अगले पांच साल में 500 बिलियन डॉलर का आयात करना होगा यानी आयात तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। इससे भारत की आत्मनिर्भरता को नुकसान पहुंचेगा। भारत आखिर अमेरिका से क्या खरीदेगा, इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया कि भारत अमेरिका से क्या नहीं लेगा लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या-क्या आयात होगा। इस डील से किसानों की कमर टूटेगी और अमेरिकी किसानों को भारत का बड़ा बाजार मिल जाएगा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इस समझौते में भारत को रियायत नहीं बल्कि नुकसान मिला है।

# कोडरमा के जयनगर से लापता 10 बच्चे सकुशल बरामद, गया के चाइल्ड केयर में सुरक्षित

**एजेंसी। कोडरमा**

कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खरियोडीह पंचायत के बिरहोर कॉलोनी गड़ियाय से लापता हुए 10 बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। जयनगर के अंचलाधिकारी सारांश जैन ने शनिवार को बताया कि सभी बच्चे बिहार के गया स्थित चाइल्ड केयर केंद्र में सुरक्षित हैं। सभी 10 बच्चों के एक साथ लापता होने की खबर सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खोजबीन तेज की और बच्चों



की सूचना देने वाले को एक लाख रुपये नगद इनाम देने की घोषणा भी की गई थी। शनिवार को गयाजी से जिन बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, उनमें निशा कुमारी (07), रमेश बिरहोर (05), सजनी कुमारी (09), अनिशा कुमारी (07), सत्यम बिरहोर (06), मिथुन बिरहोर (09), रेखा कुमारी (06) और बिरजू बिरहोर (11) शामिल हैं। सभी बच्चे खरियोडीह पंचायत के गड़ियाय बिरहोर टोला के निवासी बताए गए हैं। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार और चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार के साथ जयनगर पुलिस बल गांव पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में खोज अभियान चलाने के लिए विशेष टीम गठित की थी, जिसके प्रयास से बच्चों को सुरक्षित बरामद किया गया। अब यह जांच की जा रही है कि बच्चे कोडरमा से गया कैसे पहुंचे और इस पूरी घटना के पीछे क्या परिस्थितियां रहीं। प्रशासन ने बच्चों के सकुशल मिलने पर राहत जताई है, वहीं पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को जमशेदपुर में करेंगी श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक-सांस्कृतिक केंद्र का भूमि पूजन

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

युवा सशक्तिकरण, आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक शिक्षा को समर्पित एक महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट, जमशेदपुर के नए केंद्र का भूमि पूजन आगामी 26 फरवरी 2026 को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं आरएसबी ग्लोबल के वाइस चेयरमैन एस.के. बेहरा ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि यह परियोजना केवल धार्मिक गतिविधियों



तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि युवाओं, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सशक्त मंच के रूप में विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रशिक्षण, मूल्य शिक्षा और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित होंगे। एस.के. बेहरा के अनुसार, प्रस्तावित मुख्य मंदिर संरचना को पूर्ण होने में लगभग चार वर्ष का समय लगेगा। हालांकि, ट्रस्ट ने आध्यात्मिक केंद्र को प्राथमिकता देते हुए उसे शीघ्र क्रियाशील बनाने की योजना तैयार की है, जिससे कि समाज को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस भव्य आयोजन और परियोजना के क्रियान्वयन में ट्रस्ट की कोर टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। टीम में मनोरंजन दास, अबनीश मिश्रा, पीआर दास और श्रीधर प्रधान सहित अन्य सदस्य लगातार समन्वय और व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। ट्रस्ट ने विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक संगठनों से भी सहयोग का आह्वान किया है, जिससे यह केंद्र व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित हो सके।

# पारसनाथ की तराई से नक्सलियों का हथियार जखीरा बरामद

**एजेंसी। गिरिडीह**

गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154वीं बटालियन की संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पारसनाथ पहाड़ की तराई इलाके में चलाए गए सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान जमीन में छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि ये हथियार वर्ष 2004 में पचम्बा गोशाला मेला के दौरान होमगार्ड कैंप से लूटे गए थे। इस संबंध में गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने पपरवाटांड़ पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुखरा थाना क्षेत्र से सटे पारसनाथ पहाड़ी के भालकी पहाड़ी और कैनेडीह इलाके में पुलिस व सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान



चलाया। सर्च के दौरान संदेह होने पर जब जमीन खोदी गई, तो भीतर से हथियारों का जखीरा बरामद हुआ। नक्सलियों ने इन हथियारों को लंबे समय तक छिपाए रखने के उद्देश्य से जमीन में गाड़कर रखा था। संयुक्त अभियान में कुल 20 राइफल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इनमें 303 बोर की 11 सिंगल शॉट राइफल, 22 बोर की 9 राइफल, 6 हैंड ग्रेनेड, 1 ग्रेनेड प्रोजेक्टर, 1 एम्युनेशन बॉक्स, 30 चार्जर क्लिप तथा इलेक्ट्रिक कॉपर वायर के दो बंडल शामिल हैं। सभी हथियारों और विस्फोटकों को विधिसम्मत तरीके से जब्त कर लिया गया है। पुलिस का मानना है कि ये वही हथियार हैं, जिन्हें वर्ष 2004 में पचम्बा गोशाला मेला के दौरान नक्सलियों ने होमगार्ड कैंप पर हमला कर लूट लिया था। उस समय कुल 20 राइफल और 6 हैंड ग्रेनेड लूटे गए थे। बरामदगी के बाद पुलिस ने पुराने मामले से इस घटना की कड़ी जोड़ते हुए जांच तेज कर दी है। हथियार बरामद होने के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। आसपास के जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नक्सल गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है और आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। लंबे समय से लूटे गए हथियारों की बरामदगी को सुरक्षाबलों की एक बड़ी और अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस
प्रीमियम रुक जाए.



फ़ायदे चलते रहें.

आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

एलआईसी का जीवन लाभ
एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

- न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
- अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
- प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है. पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/52/Hin

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड पहुंचा अजित पवार का अस्थि कलश, रांची में श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ शांति पाठ

**रांची, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनीतिक नेता स्वर्गीय अजित पवार का अस्थि कलश पारिवारिक संबंधों के चलते झारखंड लाया गया। उनके सुपुत्र पार्थ पवार द्वारा अस्थि कलश झारखंड भेजा गया था, जिसे दिल्ली से अनिल वर्मा स्वयं रांची लेकर पहुंचे और झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा झारखंड के पूर्व एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह को पूरे सम्मान और श्रद्धा भाव के साथ सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय अजित पवार और सिंह परिवार के बीच वर्षों से राजनीतिक के साथ-साथ पारिवारिक, आत्मीय और विश्वासपूर्ण संबंध रहे हैं। इसी गहरे पारिवारिक जुड़ाव के कारण अस्थि कलश झारखंड भेजा गया, जिसके बाद राजधानी रांची में शांति पाठ एवं अस्थि विसर्जन से संबंधित धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची के पुंदाग स्थित विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं प्रदेश अध्यक्ष (झारखंड) के आवास पर श्रद्धा, शांति और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांति पाठ किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना की गई। कार्यक्रम में मनीषा सिंह सहित सिंह परिवार के सदस्य, रिश्तेदार एवं सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य मौजूद थे।

### रांची प्रेम रंजिश में पेंटर वसीम मंसूरी की चाकू-डंडे से हत्या, दो गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** पुंदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन भवन में मिले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी की सुबह सूचना मिली कि अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन अपार्टमेंट के लिफ्ट स्पेस के नीचे पानी में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन के दौरान शव की पहचान उसी अपार्टमेंट में पेंट-पुट्टी का काम करने वाले वसीम मंसूरी के रूप में की गई, जो 2 फरवरी से लापता था। शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हुआ। घटना के संबंध में मृतक के पिता जसीम मंसूरी ने थाना में लिखित आवेदन दिया, जिसमें मृतक के साथ काम करने वाले साहिद अंसारी और दिलशाद सहित अन्य अज्ञात को नामजद किया गया। इसके आधार पर दो अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, डंडा तथा घटना के समय पहने गए खून लगे कपड़े बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त साहिद अंसारी ने बताया कि उसका मृतक वसीम मंसुरी की बहन के साथ प्रेम संबंध था। 15 जनवरी को वह अपनी प्रेमिका के साथ लोहरदगा में मिला था, जहां वसीम मंसुरी और उसके घरवालों ने उसे पकड़कर मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश में साहिद अंसारी ने अपने साथी मुसरफ अंसारी और एक अन्य के साथ मिलकर 2 फरवरी को योजना बनाकर वसीम मंसुरी को काम के बहाने बुलाया। आरोप है कि लाजपत नगर, पुंदाग स्थित अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन भवन के प्रथम तल के एक कमरे में चाकू और लाठी से वार कर वसीम मंसुरी की हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को छुपाने के उद्देश्य से उसी भवन के लिफ्ट लगाने के लिए बनाए गए ग्राउंड फ्लोर के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, डंडा, अभियुक्त के खून लगे कपड़े तथा दोनों अभियुक्तों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### झारखंड को 15वें वित्त आयोग की दूसरी किस्त मंजूर

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने झारखंड को 15वें वित्त आयोग के तहत बड़ी वित्तीय सौगात दी है। पंचायती राज मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बेसिक (अनटाइड) ग्रांट की दूसरी किस्त जारी करने की सिफारिश कर दी है। इसके तहत झारखंड को कुल 275.12 करोड़ रुपये की राशि अगले सप्ताह जारी की जाएगी। यह निर्णय सभी निर्धारित पात्रता शर्तों की समीक्षा के बाद लिया गया है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार झारखंड सरकार ने केंद्र द्वारा तय की गई सभी आवश्यक शर्तों का अनुपालन किया है। राज्य ने पहली किस्त के उपयोग का विवरण, पंचायतों के गठन, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं की अपलोडिंग, खातों का समापन, ऑडिट प्रक्रिया और राज्य वित्त आयोग से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को पूरा किया है। इन्हीं आधारों पर दूसरी किस्त जारी करने की सिफारिश की गई। मंत्रालय ने बताया कि झारखंड को पहली किस्त 24 दिसंबर 2025 को जारी की गई थी। राज्य सरकार ने इस राशि को तय समय सीमा के भीतर पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया था। पहली किस्त के सही और समयबद्ध उपयोग ने दूसरी किस्त की मंजूरी का रास्ता साफ किया। अनुदान की कुल राशि में से 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों, 15 प्रतिशत पंचायत समितियों (ब्लॉक पंचायतों) और 10 प्रतिशत जिला परिषदों को दी जाएगी। इसके तहत पात्र ग्राम पंचायतों को लगभग 207.61 करोड़ रुपये, पंचायत समितियों को 39.82 करोड़ रुपये और राज्य की सभी 24 जिला परिषदों को 27.70 करोड़ रुपये मिलने की सिफारिश की गई है।

# बोकारो में हाथियों का तांडव जारी

## दो दिन में दादा-पोते और पति-पत्नी समेत पांच की मौत से मातम



**ललपनिया, एजेंसी।** झारखंड में हाथियों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी लगातार हमले कर रहे हैं और निर्दोष लोगों की जान जा रही है।

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में हाथियों ने एक बार फिर से हमले किए हैं। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही गोमिया प्रखंड में दो दिन में हाथी हमले में मृतकों की संख्या पांच हो गई है।

गोमिया प्रखंड के महुआटांड़ पंचायत अंतर्गत गांगपुर गांव में हाथियों के हमले से गांव में कोहराम मच गया। हाथियों के तांडव में दादा-पोते की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों की पहचान 60 वर्षीय सोमर साव और उनके 8 वर्षीय पोते अमन कुमार (आयुष) के रूप में की गई है। वहीं, इस घटना में 10 वर्षीय राहुल कुमार (सोमर साव का नाती) तथा शांति देवी (सोमर साव की समधन) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसके अलावा 10 वर्षीय राशि कुमारी भी इस घटना में घायल हुई हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, तीन हाथियों का झुंड गुरुवार की रात 8:30 बजे गांव में घुस आया और घर में तोड़फोड़ करते हुए जमकर उत्पात मचाया। इसी दौरान हाथियों ने घर में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि एक व्यक्ति अब भी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि हाथी उसे अपने साथ ले गए हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बिजली नहीं थी और अंधेरा होने का फायदा उठाकर हाथियों ने घर के दरवाजे व दीवारें तोड़ दीं। सभी लोग घर के अंदर ही थे, तभी हाथी घर में घुस आए और हमला कर दिया।

गोमिया प्रखंड के बड़की पन्नू गांव में हाथियों के हमले में पति-पत्नी सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की कुचलकर मार डाला। यह दर्दनाक घटना बुधवार देर रात करीब तीन बजे की है, जब पांच सदस्यीय हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और एक घर के आंगन तक पहुंच गया।

गोमिया प्रखंड में ही एक दिन पहले बड़ी पन्नू गांव में हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। हमले के बाद जान बचाने के लिए घर से बाहर भाग रहे गंगवा करमाली को हाथियों ने सूंड में लपेटकर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पति की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी कमली देवी बाहर आईं, लेकिन हाथियों ने उन्हें भी कुचल दिया। इस तरह पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान गंगवा करमाली की भाभी भगिया देवी ने भी बचने का प्रयास किया, लेकिन एक हाथी ने उन्हें भी कुचल दिया, जिससे उनकी भी मौत हो गई।

## हजारीबाग में परीक्षा देने जा रहे छात्रों की मिनी बस डिवाइडर से टकराई, बाइक सवार की मौत, 3 की हालत गंभीर

**बरही (हजारीबाग), एजेंसी।** बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव स्थित जीटी रोड पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों से भरी एक मिनी बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद अनियंत्रित बस डिवाइडर से जा टकराई।

हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मिनी बस में सवार पांच परीक्षार्थी घायल हो गए। मृतक की पहचान बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चेचकपी गांव के 55 वर्षीय निवासी जयप्रकाश मेहता (पिता-ननक मेहता) के रूप में की गई है। बताया गया कि वह अपने गांव चेचकपी से बाइक पर सवार होकर अपने नए घर रोमी जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी घायल परीक्षार्थी डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल, मलकोको के छात्र हैं, जो मिनी बस से मां विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज, पदमा स्थित परीक्षा केंद्र जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, बरही में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घायलों में खालिद राजा (16) (पिता-अब्दुल कुदुस), जावेद अख्तर (16) (पिता-मो. जब्बार), फरहान राजा (17) (पिता-हाशिम अंसारी), इलियास आलम (15) (पिता-कलीम अंसारी) व अमन पासवान (16) (पिता-सकलदेव पासवान) शामिल हैं।

इनमें से तीन छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है, हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्र खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बरही बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी सहित कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज की व्यवस्था में सहयोग किया। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हजारीबाग में दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम से 25 लाख की लूट, दहशत फैलाने के लिए की फायरिंग



**बड़कागांव (हजारीबाग), एजेंसी।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत डेली मार्केट के समीप शनिवार को करीब 11:30 बजे दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने ज्वेलरी शोरूम में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने ज्वेलरी दुकानदार प्रभु सोनी से करीब 22 से 25 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात लूट लिए। लूट के बाद अपराधी फरार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन की संख्या में अपराधी अपाचे बाइक पर सवार होकर ज्वेलरी दुकान पहुंचे थे। लूटपाट के दौरान जब लोगों ने विरोध किया तो अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से 4 से 5 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग की चपेट में आकर सुधीर सोनी नामक व्यक्ति के हाथ में गोली लग गई।

घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घायल सुधीर सोनी को तत्काल बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान भी तेज कर दिया गया है।

दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम में हुई लूट की इस घटना से क्षेत्र के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## रांची के रातू प्रखंड में कृषि मेला का मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया उद्घाटन



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के रातू प्रखंड के तिगरा में शुक्रवार को जिलास्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी-कार्यशाला-2026 का उद्घाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया. इस मौके पर कृषि मंत्री ने स्टॉल भ्रमण के बाद किसानों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया.

कृषि मेला को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जिलास्तरीय कृषि मेला के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना है. राज्य में चल रही महागठबंधन की सरकार में सफल और समृद्ध किसान बनाने के लिए हर तरह की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. चाहे बात खेती-बाड़ी से जुड़ी हो, मत्स्य पालन से जुड़ी हो, पशुपालन से जुड़ी हो या समिति बना कर कृषि के क्षेत्र में काम करने वाले किसानों से जुड़ी हो हर क्षेत्र में सरकार की योजनाएं चल रही हैं.

उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग किसानों को सब्सिडी पर योजनाओं का लाभ देने का काम कर रहा है. अलग -अलग योजनाओं में 50 से 90 प्रतिशत तक किसानों को सब्सिडी के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है. राज्य के अन्नदाता किसान कैसे मजबूत बनें इसको लेकर कदम-कदम पर सरकार खड़ी है.

कृषि मंत्री ने कहा कि आज तेजी के साथ ग्रामीण इलाकों में जमीन की बिक्री हो रही है. हमें अपनी जमीन- अपने गांव की जमीन को बचाना होगा, क्योंकि उसी से हमारी पहचान है. जल-जंगल और जमीन के संरक्षण को लेकर जागरूक रहते हुए संघर्ष को तेज करने की जरूरत है. समाज को जाति, धर्म के नाम पर बांटने और तोड़ने का चक्रव्यूह रच रहे राजनीतिक व्यापारियों से बचना होगा. अगर हम उनके चक्रव्यूह में फंस गए तो अपनी पहचान को नहीं बचा पाएंगे. जिला स्तरीय किसान मेला में लगे स्टॉल का भी कृषि मंत्री ने भ्रमण किया और विस्तार से उत्पादों की जानकारी ली. विभागीय मंत्री ने मेला में उपस्थित लोगों से स्टॉल का जरूर भ्रमण करने की अपील की. इस मौके पर परिसंपत्ति वितरण के तहत ट्रैक्टर, बाइक विथ आईस बॉक्स, केसीसी, संरक्षित फूलों की खेती, गाय वितरण, मिलेट मिशन के लाभुकों के बीच योजना का लाभ दिया.

## बोकारो थर्मल स्टेशन पर यात्रियों की जान जोखिम में, प्लेटफॉर्म से बाहर रुक रहीं ट्रेनें



**बेरमो (बोकारो), एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल के तहत बरकाकाना-गोमो मुख्य रेल मार्ग में स्थित बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। यहां खड़ी होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें की 2-3 बोगियां प्लेटफार्म नंबर दो के क्षेत्र से आगे निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर ट्रेन से उतरने और चढ़ने को मजबूर होना पड़ता है।

प्लेटफार्म की लंबाई 350 मीटर है, जबकि 500 मीटर लंबाई की आवश्यक्ता है। जानकारी के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल बोगी आगे और पीछे दोनों ओर होती है। बरकाकाना की ओर से आने वाली ट्रेनों की पिछली जनरल बोगी प्लेटफार्म से बाहर रह जाती है, जबकि गोमो की ओर से आने वाली ट्रेनों की इंजन से सटी जनरल बोगी प्लेटफार्म से आगे निकल जाती है।

प्लेटफार्म की लंबाई कम होने से यात्रियों को जमीन से लगभग चार फीट की ऊंचाई से उतरना पड़ता है। नीचे जमीन समतल नहीं होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बिखरे पत्थरों से फिसलने और गिरने का खतरा बना रहता है। इस स्थिति में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## अनुराग सरावगी मामले में केस दर्ज, नौकरानी के बयान और कॉल डिटेल पर टिकी जांच



**रांची, एजेंसी।** हिंदपीढ़ी थाना में अनुराग सरावगी की मौत के मामले में पुलिस ने यूडी (अप्राकृतिक मृत्यु) के तहत केस दर्ज कर लिया है। केस अनुराग के भतीजा के बयान पर हुआ है। भतीजा ने पुलिस को बयान दिया है कि बालकानी में मोबाइल पर बात करने के दौरान अनुराग सरावगी का मोबाइल गिर गया होगा और उसे पकड़ने के चक्कर में अनुराग बालकोनी से गिर गए होंगे। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। हिंदपीढ़ी थानेदार ने बताया कि घटना किसी ने देखा नहीं है। आशंका के आधार पर ही प्राथमिकी हुई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों को खंगालने की बात कह रही है। डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि इस मामले में सबसे पहले अनुराग सरावगी के घर में काम करने वाली नौकरानी का बयान लिया जाएगा।

नौकरानी ने प्रारंभिक जानकारी में पुलिस को बताया है कि घटना से पहले अनुराग सरावगी फोन पर किसी से जोर जोर से चिल्लाते हुए बातचीत कर रहा था। इसी बयान को जांच का अहम बिंदु मानते हुए पुलिस अब अनुराग सरावगी के मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाल रही है।

पुलिस का कहना है कि काल डिटेल रिकार्ड से यह स्पष्ट किया जाएगा कि अनुराग सरावगी ने अंतिम बार किस व्यक्ति से बातचीत की थी। अंतिम काल की पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि बातचीत का विषय क्या था और क्या इसका घटना से कोई संबंध है। वहीं, अंतिम यात्रा में शामिल कुछ लोगों के बीच यह चर्चा भी सामने आई कि संभव है अनुराग सरावगी का मोबाइल फोन हाथ से गिर गया हो और उसे पकड़ने के प्रयास में वह छठे तल्ले से नीचे गिर गया हो।

पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी में निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। तकनीकी साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर ही जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बीजेपी का सीएम हेमंत सोरेन पर हमला, बोले- व्यापारियों से नफरत, बिचौलियों और दलालों से क्यों है प्यार

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा धनबाद में जेएमएम स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में झारखंड के व्यापारियों पर की गई टिप्पणी पर राजनीति शुरू हो गई है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राज्य के व्यापारियों पर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं. घाटशिला उपचुनाव में भी उन्होंने व्यापारियों के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी की थी. प्रदेश बीजेपी ऐसे बयानों की कड़े शब्दों में निंदा करती है. वहीं इस पर झामुमो ने बीजेपी पर पलटवार किया है.

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को व्यवसायियों, व्यापारियों से नफरत है. दूसरी ओर मुख्यमंत्री को दलालों, बिचौलियों से अपार प्रेम है, इसीलिए वे झारखंड में दलालों बिचौलियों को बढ़ावा और संरक्षण दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार को बिचौलिया और दलाल ही संचालित कर रहे हैं.

आदित्य साहू ने राज्य में दलाल बिचौलिए सक्रिय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी अभी अभी विदेश दौरे से लौटे हैं. राज्य में निवेश व्यापार को बढ़ाने की बात कर रहे हैं, वे राज्य के कुछ व्यापारियों को लेकर भी गए थे. मुख्यमंत्री जी का फिर यह दोहरा चरित्र क्यों उन्होंने कहा कि ये व्यापारी समाज ही है जो लाखों लोगों की रोजी रोटी से जुड़ा हुआ है. लाखों परिवार का पालन व्यवसायों से ही होता है, इसलिए एक संवैधानिक प्रमुख पद पर बैठकर व्यापारियों को गाली देना शोभा नहीं देता.

आदित्य साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को व्यापारियों को सम्मानित करना चाहिए जो आपका काम पूरा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री को पता है कि राज्य में अपराधियों की धमकी, फिरौती, बच्चों का अपहरण जैसे दर्द झेलकर कैसे व्यापारी वर्ग व्यवसाय कर रहे हैं इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष तीन प्रत्याशियों ने बीजेपी समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में नामांकन वापस लेने वाले पार्टी नेताओं का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी और जो भी पार्टी के निर्देश का उल्लंघन करके चुनाव लड़ रहे हैं उन पर कार्रवाई निश्चित की जायेगी.

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा लगाए गए आरोपों पर झामुमो की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि



झारखंडियों को रोजगार देने की बात करना आज भाजपा को धमकी लगने लगा है. उन्होंने कहा कि यह भाजपा की जनविरोधी और युवा विरोधी मानसिकता को उजागर करता है. भाजपा को न तो राज्य के युवाओं की चिंता है और न ही स्थानीय लोगों के भविष्य से कोई सरोकार है.

विनोद पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के युवाओं के रोजगार और भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं. उनकी सरकार ने न केवल सरकारी नौकरियों में पारदर्शी तरीके से बहालियों की प्रक्रिया शुरू की है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी स्थानीय युवाओं को अवसर देने के लिए ठोस और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं. राज्य में चलने वाली निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों की नियुक्ति का निर्णय कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं के व्यापक हित में लिया है, ताकि झारखंड के संसाधनों पर पहला अधिकार झारखंडियों का हो. लेकिन भाजपा को रास नहीं आ रहा कि मुख्यमंत्री स्थानीय युवाओं के हक और अधिकार की बात करें.

झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह फैसला भाजपा जैसी नफरत फैलाने वाली पार्टी को समझ में नहीं आ सकता. भाजपा को जब भी स्थानीय अधिकार, रोजगार और सामाजिक न्याय की बात होती है तो वह उसे राजनीति का हथियार बनाकर भ्रम फैलाने लगती है. सच यह है कि भाजपा झारखंड के युवाओं को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना जानती है, उनके स्थायी रोजगार और सम्मानजनक भविष्य से उसका कोई लेना-देना नहीं है.

विनोद पांडेय ने भाजपा को उसके पुराने वादों की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा केंद्र की सत्ता में यह कहकर आई थी कि हर साल करोड़ों नौकरियां दी जाएंगी और कुल मिलाकर पांच करोड़ रोजगार सृजित किए जाएंगे, लेकिन बाद में स्वयं भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इस वादे को 'जुमला' बता दिया. इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि भाजपा के लिए रोजगार कभी प्राथमिकता रहा ही नहीं. भाजपा के लिए असली एजेंडा समाज में नफरत फैलाना, लोगों को बांटना और मुद्दों से ध्यान भटकाना है.

विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को झारखंड के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए. भाजपा के शासनकाल में नियुक्तियों के नाम पर बड़े-बड़े घोटाले हुए, परीक्षाएं रद्द हुईं और युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला गया. इसके विपरीत, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सरकारी नौकरियों की बरसात हो रही है. लगभग सभी विभागों में पारदर्शी तरीके से बहालियां की जा रही हैं और युवाओं को उनका हक मिल रहा है. विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि असल सच्चाई यह है कि भाजपा एक आदिवासी को मुख्यमंत्री के पद पर एक मिनट भी देखना नहीं चाहती.

# मिर्जाचौकी में जल जमाव की समस्या पर उपायुक्त ने किया स्थल का निरीक्षण

**» जल जमाव से राहत के लिए मिचाचौकी में शीघ्र होगी ठोस पहल : उपायुक्त**

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**साहेबगंज**। मिर्जाचौकी क्षेत्र में बढ़ते नालों के कारण उत्पन्न जल निकासी एवं जल जमाव की गंभीर समस्या को लेकर आज जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त महोदय ने विशेष रूप से रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में हो रहे जल जमाव की स्थिति का जायजा लिया। वहीं स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में नालों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आवागमन बाधित होता है तथा आम जनजीवन प्रभावित होता है। इस पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जल निकासी की स्थायी एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उपायुक्त हेमंत सती ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मिचाचौकी क्षेत्र में नाले एवं सड़क निर्माण से संबंधित एक समग्र एवं तकनीकी डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि समस्या का दीर्घकालिक समाधान किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीपीआर में जल निकासी की दिशा, नालों की चौड़ाई, गहराई तथा सड़क संरचना का समुचित आकलन किया जाए। साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों को



निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व आवश्यक अस्थायी उपाय भी सुनिश्चित किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। स्थल निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बरहेट में बच्चों को मिलेगा खेल-खेल में शिक्षा का अवसरः जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने किया सेंट मेरी स्कूल (जूनियर) का उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता




**साहेबगंज/बरहेट**। प्रखंड मुख्यालय के बरहेट बाजार स्थित क्रांति टोला में 'सेंट मेरी स्कूल (जूनियर)' का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू उपस्थित थीं। उन्होंने अन्य सम्मानित अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का औपचारिक शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने कहा कि बरहेट जैसे क्षेत्र में एक आधुनिक प्ले स्कूल का खुलना बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, "अक्सर छोटे बच्चों की रुचि सीधे किताबों में नहीं होती। प्ले स्कूल के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने का मौका मिलेगा, जो उनके मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है।" उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि यह विद्यालय शिक्षा के एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में उभरे। विशिष्ट अतिथि और समाजसेवी एजाज अंसारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान या डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य सिखाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। कार्यक्रम को प्रो. हाशिम अख्तर ने भी संबोधित किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व, स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों का गुलदस्ता और शॉल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास गुप्ता और चंदन गुप्ता ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाहीन इकबाल, सईद अनवर, विनोद भगत, अब्दुल हमीद, शमशेर अली, नईमुद्दीन अंसारी, जियाउर अंसारी, मो. जावेद के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# राधानगर में पटाखा की चिंगारी से लगी आग, दो घर जले





सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

उधवा । राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राधानगर गांव में बीते शनिवार की देर रात पटाखा की चिंगारी से आग लगने से दो घर जलकर राख हो गया। आगलगी की घटना में घरेलू सामान, आवश्यक कागजात एवं नगदी समेत हजारों रूपए का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार राधानगर गांव में बीते शुक्रवार की रात करीब 12 : 30 बजे नरेन मंडल की पुत्री के शादी समारोह में बाराती के लोग पटाखा फोड़ रहे थे। इसी बीच पटाखे की चिंगारी सुरेन मंडल एवं महाजनी बेवा के घर में जा गिरी। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग घरों के अंदर सोएं हुए थे। घरों से धुआं उठते देख परिवार के लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकला। आग की कहर काफी तेज होने के कारण घरों में रखा गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया। जिससे आग पूरी तरह विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी की खबर सुनते ही स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं अग्नि पीड़ित सुरेन मंडल ने बताया कि आगलगी से आवश्यक दस्तावेज,कीमती सामान,करीब बीस हजार नगदी समेत पूरा घर जलकर राख हो गया। वहीं पीड़ित महाजनी बेवा ने बताया कि मां बेटा घर के अंदर सो रहे थे। इस बीच आगलगी से बड़ी मुश्किल से बाहर निकल कर जान बचाया। जबकि आग की चपेट में आने से शरीर के कई हिस्सों में जख्मी हुआ है। साथ ही बताया कि घरेलू सामान सहित करीब 50 हजार नगदी जलकर राख हो गया है।

# नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब की टीम ने 6 विकेट से मैच जीता मैच

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**साहेबगंज**। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम नार्थ कॉलोनी के बीच मैच खेला गया। नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.4 ओवर में 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मिस्टर एनर्जी ने 36, आदित्य ज्ञान व प्रीतम कुमार ने 26- 26 रनों की पारी खेली। नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज विकास, मतिउर्रहमान रहमान व अमोल कुमार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब की टीम 22.4 ओवर में 04 विकेट के नुकसान पर 163 रन बना 6 विकेट से मैच जीत लिया। अमोल कुमार ने नबाद 46, आनंद मोहन ने 50 व अंकित




कुमार ने नाबाद 31 रन की पारी खेली। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अनिकेत आनंद ने दो विकेट लिया। नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी अमोल कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ रणविजय ने अमोल कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

मैच में अंपायरिंग हयातुल्लाह व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग श्याम रंजन ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम सहित अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि रविवार को राजमहल सीनियर क्रिकेट क्लब ए बनाम माही ब्लू के बीच मैच खेला जाएगा।

# 8 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र के शिक्षकों को नगर पंचायत के चुनाव से मुक्त करने को लेकर संघ कू महासचिव ने उपायुक्त को किया पत्रचार

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**साहेबगंज** । अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव मनोरंजन कुमार ने उपायुक्त हेमंत सती को जिले के विभिन्न मध्य विधालयों में 8 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र के शिक्षकों को नगर परिषद चुनाव से मुक्त करने को लेकर पत्रचार किया है।

साथ ही पत्र में अंकित कर कहा कि जिले के सभी प्रखंडो में 8 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र मध्य विधालयों में बनाया गया हैं। इन विधालयों में वैसे भी आवश्यकता के अनुरूप कम शिक्षक पदस्थापित हैं। कहा नगर परिषद / पंचायत 2026 में इन विधालयों के शिक्षकों को भी प्रतिनियोजित किया गया हैं। कहा चुनाव 23 फरवरी को निर्धारित हैं और चुनाव कार्य में सफलतापूर्वक सम्पादित हो इसके लिए शिक्षक 03-04 दिन पूर्व व्यस्त हो जाते हैं। साथ ही कहा कि 8वीं बोर्ड परीक्षा दिनांक 24 फरवरी को निर्धारित हैं। चुनाव के पश्चात मतपेटी जमा करने के बाद देर रात घर वापस होते हैं। ऐसे में चुनाव के अगले दिन इन शिक्षकों को परीक्षा कार्य करने में काफी परेशानी होगी। साथ ही जिले में मेट्रिक परीक्षा में भी मध्य विधालयों के शिक्षकों को वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियोजित किया गया हैं, जिस कारण परीक्षा की व्यव्स्था में परेशानी होगी। साथ ही कहा कि जिले का दुर्भाग्य हैं कि अधिकांश वरीय शिक्षक 1988, 1994, 1999,.2004 में नियुक्त है कहा वर्तमान में प्राथमिक और उत्क्रमित मध्य विधालयों में पदस्थापित हैं और इन विधालयों में परीक्षा केंद्र नही बनाया जाता हैं। साथ ही इनमें से अधिकांश (वरीय) शिक्षकों को चुनाव कार्य में प्रतिनियोजित नही किया गया हैं। साथ ही उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि वैसे विधालय जिसमें, 8 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं, उनके शिक्षकों को चुनाव कार्य से मुक्त किया जाय जिससे परीक्षा का संचालन बेहतर ढंग से हो सके। इधर शिक्षकों में इस बात की भी चर्चा है कि बोरियो प्रखंड के एक शिक्षक जिनका प्रति नियोजन कार्मिक विभाग में है उनके कहने पर प्रखंड के वैसे शिक्षक जो बिल का काम करता है उनका नाम इलेक्शन से हटवा दिया गया हैं जबकि एक शिक्षक तालझारी प्रखंड के रवि रंजन पासवान, कन्या मध्य विद्यालय के स्थापना प्रभारी सह बिल का भी काम करते हैं और एकल शिक्षक हैं। उनका नाम चुनाव ड्यूटी में है जबकि अन्य इनसे वरीय शिक्षक हैं उनको चुनाव कार्य मे नही दिया गया हैं।

# पाकुड़ः हुनरमंद बनकर आत्मनिर्भर बनेंगे जिले के युवा; उपायुक्त ने आरसेटी में फ्रिज व एसी रिपेयरिंग प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता






**पाकुड़**। युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को एक नई पहल की गई। सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (SBI RSETI), पाकुड़ में 'फ्रिज एवं एयर कंडीशनर रिपेयरिंग' प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ आरसेटी निदेशक राजेश कुमार मिश्रा, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा, जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार और वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन भी मौजूद थे। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में फ्रिज, एसी और अन्य विद्युत उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में इन उपकरणों की मरम्मत का तकनीकी ज्ञान प्राप्त करना युवाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा, "जीवन में छोटे-छोटे प्रयास ही बड़ी सफलता की नींव रखते हैं। यहाँ सीखा हुआ हुनर न केवल आपको आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि समाज में आपकी एक पहचान भी स्थापित करेगा।" उद्घाटन के बाद उपायुक्त ने संस्थान में चल रहे अन्य कार्यक्रमों, जैसे फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी और बागबानी सखी प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से सीधे संवाद कर उनके अनुभवों को जाना और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपनी शंकाओं को बिना संकोच प्रशिक्षकों के सामने रखें। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों का व्यावहारिक उपयोग करना ही इसका असली उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए। कई युवाओं ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण के बाद वे स्वयं की दुकान खोलेंगे या तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में अपना काम शुरू करेंगे। वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने कार्यक्रम की रूपरेखा और संस्थान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस पहल से जिले के ग्रामीण युवाओं में नई उम्मीद जगी है कि वे अब घर बैठे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर अपने और अपने परिवार के भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच**/25/61 **दिनांक** : 04.02.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार हैः **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-61, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.02.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैः **एए/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसएन-17-26-1 [विज्ञापन -स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल], हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर-I (लिलुआ स्टेशन से हुगली स्टेशन एवं बेलुड़मठ स्टेशन) के अधीन स्टेशन परिसर के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), हावड़ा मंडल के तहत तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए क्लस्टर-IV (क) झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन तक, (ख) अदलपहाड़ी से कुरुवा स्टेशन तक, (ग) आजिमगंज सिटी स्टेशन से ताकिपुर स्टेशन तक और (घ) चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) स्टेशनों के स्टेशन परिसरों के अंदर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर विभिन्न स्थानों पर बर्द्धमान स्टेशन के अंदर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छह) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **एसी/1,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेएई-ओएच-160-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), डानकुनी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से रेलवे सूचना और वाणिज्यिक विज्ञापन के परिचालन, रखरखाव एवं प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **एसी/2,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-ओएच-157-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), नबद्वीपधाम रेलवे स्टेशन के अस्थायी बुकिंग कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/3,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/4,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-ओएच-153-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन) के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ रेलवे सूचना के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अधिकार प्रदान करना। **एसी/5,** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना और रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत विवरण के लिए ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है।

HWH-591/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शांतिपूर्ण तरीके से हुई मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**उधवा**। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) रांची के द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शनिवार को उधवा प्रखंड क्षेत्र के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से हुई। जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में मैट्रिक परीक्षा में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा में फिजिक्स विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा के केंद्राधीक्षक नुसरत जहां ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 661 में से 659 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 50 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा के केंद्राधीक्षक गौर चंद्र मंडल ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 642 में से 634 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं इंटर में कुल 116 परीक्षार्थी में से 115 उपस्थित हुए,जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर के केंद्राधीक्षक रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 476 में से 474 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय उधवा के केंद्राधीक्षक रौशन भगत ने बताया कि कुल 322 में से 321 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,जबकि 1 अनुपस्थित रहें। मौके पर दण्डाधिकारी अटल बिहारी भगत, पुलिस पदाधिकारी, शिक्षक ओमप्रकाश आर्य, अनिल प्रामाणिक, नाईम अख्तर, तारिक अनवर, अफलातून हुसैन, बीरबल प्रसाद, गजाधर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# "आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे" : साहिबगंज में नामांकन के लिए छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**साहेबगंज**। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को शहर में एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय (CM School of Excellence) की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सुभाष चौक तक पहुंची। रैली में शामिल छात्राएं उत्साह और जोश से भरी हुई थीं। हाथों में तख्तियां लिए छात्राएं "आधी रोटी खाएंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे" जैसे प्रेरक नारे लगा रही थीं। इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि बेटियों का भविष्य शिक्षा से ही उज्जवल हो सकता है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कक्षा KG, IX (नौवीं) और XI (ग्यारहवीं) में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का नामांकन कराकर उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करें। सीमा कुमारी ने विशेष रूप से सूचित किया कि नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में छात्राओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा रही है

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी के अपहरण का आरोप, पति ने थाना में दर्ज कराया मामला

**महेशपुर (पाकुड़)।** महेशपुर थाना क्षेत्र में पत्नी के अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में रद्दीपुर गांव निवासी विश्वजीत डोम ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता विश्वजीत डोम, पिता स्व. साधिन डोम ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी उन्नती डोम को गांव के ही राजू शेख ने 3 सितंबर 2026 की सुबह करीब 4:30 बजे घर से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। विश्वजीत डोम के अनुसार घटना के बाद उसने अपनी पत्नी की काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो उसने महेशपुर थाना में आवेदन देकर मामले की जानकारी दी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने महेशपुर थाना कांड संख्या 12/2026 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और कथित आरोपी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### महेशपुर के तसरिया गांव में ढाई माह पूर्व रसेल वाइपर सर्पदंश का मामला, पीड़ित अब भी उपचाराधीन

**महेशपुर :** महेशपुर प्रखंड की पोखरिया पंचायत अंतर्गत तसरिया गांव में ढाई महीने पूर्व रसेल वाइपर प्रजाति के विषैले सांप के काटने का एक गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय सर्प मित्र अशरफुल शेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति का इलाज अब भी पश्चिम बंगाल के वर्धमान स्थित चिकित्सा महाविद्यालय में चल रहा है। सर्पदंश की घटना के बाद पीड़ित को तत्काल सोनाजोड़ी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे वर्धमान चिकित्सा महाविद्यालय रेफर किया गया। उपचार के दौरान पीड़ित को एंटी वेनम इंजेक्शन दिए गए हैं, लेकिन स्थिति अब भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। सर्प मित्र के अनुसार पीड़ित ने सर्पदंश के बाद प्रभावित हिस्से को बहुत कसकर बांध दिया था। रसेल वाइपर का विष रक्त और ऊतकों को नुकसान पहुंचाने वाला होता है। कसकर बांधने के कारण विष एक ही स्थान पर जमा रहा, जिससे वहां ऊतक सड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई। अब चिकित्सकों द्वारा प्रभावित हिस्से को बचाने के लिए शल्य प्रक्रिया की आवश्यकता पड़ सकती है। मामले ने एक बार फिर सर्पदंश के बाद त्वरित एवं वैज्ञानिक उपचार की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया है।

### जिले में आयोजित आयुष जांच शिविर में 138 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**पाकुड़ :** आयुष विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 138 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर अमड़ापाड़ा प्रखंड के संथालीटोला, मालिपाड़ा, महेशपुर प्रखंड के कैराछतर, पाकुड़ प्रखंड के मंगलापाड़ा तथा पाकुड़िया प्रखंड के मोगलाबांध में आयोजित किए गए। शिविरों के दौरान चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों सहित अन्य सामान्य बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच के उपरांत लाभुकों को आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की गईं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण की इस पहल की सराहना की।

### अमड़ापाड़ा साप्ताहिक हाट में ट्रैफिक जाम बना गंभीर समस्या

**अमड़ापाड़ाः** अमड़ापाड़ा प्रखंड में शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। हर सप्ताह हाट के दिन ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाट के दौरान दुकानों का सड़क के किनारे से लेकर मुख्य मार्ग तक फैल जाना जाम की प्रमुख वजह बनता है। इसके साथ ही बाजार आने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। शहर में ई-रिक्शा और टेंपो की संख्या में बेतहाशा वृद्धि ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। अव्यवस्थित पार्किंग, बीच सड़क पर अचानक वाहन रोकना और कहीं भी सवारी चढ़ाने-उतारने की प्रवृत्ति के कारण जाम के साथ-साथ हादसों की आशंका भी बनी रहती है। कई स्थानों पर नाबालिग और अप्रशिक्षित चालकों द्वारा ई-रिक्शा चलाए जाने की बात भी सामने आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पाकुड़ पुलिस से हाट के दिनों में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती, वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल चिन्हित करने और नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि ई-रिक्शा और ऑटो के लिए निश्चित स्टैंड बनाए जाएं, अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई हो और चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए, तो जाम की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

### बीचपहाड़ी रोकोच टोला में नए ट्रांसफार्मर की स्थापना, गांव में लौटी रौशनी

**पाकुड़िया :** पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत पंचायत बीचपहाड़ी के कोर्मोनाला रोकोच टोला में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण पिछले कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने पहल करते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया, जिसके बाद नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराई गई। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना में स्थानीय झामुमो नेता बाबूरली की भी सक्रिय भूमिका रही, जिससे कार्य शीघ्र एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सका। नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद गांव में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। रौशनी लौटने से ग्रामीणों में खुशी और राहत का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस त्वरित पहल की सराहना की।

### मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न



**पाकुड़ :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए उपायुक्त द्वारा केकेएम कॉलेज, पाकुड़ स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा संचालन की निगरानी प्रणाली का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में केंद्राधीक्षक, वीक्षक सहित परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि परीक्षा संचालन के दौरान झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं कर्मियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# निकाय चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों के साथ संयुक्त बैठक, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पाकुड़।** निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविन्द्र भवन टाउन हॉल में अभ्यर्थियों के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यय प्रेक्षक सुनील कुमार, सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने की। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, सभी निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सहित विभिन्न पदों के अभ्यर्थी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए निर्वाची पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को कैंडिडेट हैंडबुक उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने अभ्यर्थियों से पुस्तिका में दिए गए दिशा-निर्देशों और नियमों का गंभीरता से अध्ययन कर उनका अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में विद्यालयों में परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, ऐसे में चुनाव प्रचार से विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। वरीय पदाधिकारी, नगरपालिका आम निर्वाचन सह परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का ने कहा कि सभी अभ्यर्थी निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव परिणाम की घोषणा से पूर्व अंतिम जांच की जाएगी, जिसे सभी अभ्यर्थी गंभीरता से लें। व्यय प्रेक्षक सुनील कुमार ने निर्वाचन व्यय लेखा संधारण से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनावी खर्च का समुचित और नियमित लेखा-जोखा रखना अनिवार्य है। निर्वाचन व्यय के लिए पृथक बैंक खाता संचालित करना आवश्यक होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद निर्धारित समय-सीमा के भीतर








व्यय विवरण जमा नहीं करने पर निर्वाचन नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया प्रशासन, अभ्यर्थियों और आम जनता के सहयोग से ही सफलतापूर्वक संपन्न होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने, चुनाव प्रचार से पूर्व अनुमति लेने और आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि नगरपालिका चुनाव नगर परिषद के भविष्य को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है और चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सशक्त भागीदार हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों के उत्साह और जनसेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि नगरपालिका क्षेत्र में 21 वार्ड और 42 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनकी सूची अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का अवैध चुनाव प्रचार, मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास, नशे की हालत में मतदान केंद्र पहुंचना या सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं अपुष्ट संदेश प्रसारित करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही चुनाव प्रचार, सभा और रैली के लिए संबंधित पदाधिकारियों से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का व्यय प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया।

## नगर निगम चुनाव में झामुमो ने शेख सेलिना सुल्ताना को दिया समर्थन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पाकुड़।** नगर निगम चुनाव को लेकर झामुमो नगर समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शेख सेलिना सुल्ताना को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। झामुमो नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि पार्टी चुनाव में सक्रिय भूमिका निभायेगी और शेख सेलिना सुल्ताना की जीत

**सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताः** जी-तोड़ मेहनत करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही नगर निकाय चुनाव दलगत आधार पर नहीं लड़ा जा रहा है, लेकिन झामुमो अपनी दलीय चेतना और विचारधारा के आधार पर इस चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उत्तरेगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी



निष्ठा और समर्पण के साथ मैदान में उतरकर शेख सेलिना सुल्ताना की जीत के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पाकुड़ नगर क्षेत्र में विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। झामुमो का मानना है कि शेख सेलिना सुल्ताना के नेतृत्व में पाकुड़ नगर को नयी दिशा मिलेगी और आम जनता की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

## निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वरों की समीक्षात्मक बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पाकुड़।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रतिनियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने की। बैठक में माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्वाचन से जुड़े उनके दायित्वों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा



और जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने निर्देश दिया कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान के दिन समय से डिस्पैच सेंटर पहुंचना सुनिश्चित करें तथा पोलिंग पार्टी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति, मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति, अमिट स्याही के उपयोग, मतदाता पंजी के संधारण और मतदान समाप्ति के बाद रिसीविंग सेंटर तक की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखना माइक्रो ऑब्जर्वरों की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। पदाधिकारियों ने सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों से निर्वाचन कार्य को पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए आपसी समन्वय और सजगता के साथ कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना आवश्यक है।

## नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म व हत्या मामले में अन्य तीन आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हिरणपुर (पाकुड़)।** बीते 18 जनवरी को खजुरडांगा गांव में एक नाबालिग लड़की को सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की गई थी। जिसे गांव के ही एक कूप में डाल दिया गया था। मामले को लेकर पुलिस ने बीते शुक्रवार को तीन अन्य नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। सभी को न्यायिक उपास्थापन में शनिवार को पाकुड़ भेज दिया गया। गांव के 14 वर्षीया नाबालिग लड़की घर से गायब होने पर स्वजनों द्वारा काफी खोजबीन किया था था , पर नही मिला। बीते 23 जनवरी को पुलिस ने एक कूप से गायब हुए नाबालिग लड़की की शव को बरामद किया था। इस मामले को लेकर पुलिस ने शव की पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका भेजा गया था। पुलिस घटना की सघन जांच में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस ने इस घटना में संलिप्त गांव के ही



एक आरोपी अल्बिनुस टुडू (19) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

वही पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सघन रूप से जुटी हुई थी। पुलिस ने इस घटना में शामिल अन्य तीन नाबालिग आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आये सभी 16 -17 वर्ष के है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दुष्कर्म व हत्या की घटना को स्वीकार किया है। बहरहाल पुलिस ने इस घटना की उद्भेदन करने में सफलता पाई है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि इस घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक उपास्थापन में पाकुड़ भेज दिया गया है।

## सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के बॉड़ू पंचायत अंतर्गत में शनिवार को सम्पूर्णता अभियान–2.0 के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा से निबंधित मजदूरों का ई-केएयसी सुनिश्चित करने हेतु विशेष कैम्प लगाया गया, ताकि पात्र लाभुकों को समयबद्ध रूप से मजदूरी भुगतान एवं योजनाओं का लाभ मिल सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी डी ओ संजय कुमार ने कहा कि ई-केएयसी प्रक्रिया पूर्ण होने से मजदूरों को पारदर्शी एवं निर्बाध रूप से मजदूरी भुगतान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा समाप्त होगी। उन्होंने उपस्थित मजदूरों से कैम्प का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।वहीं




जिला स्तर से उपस्थित परियोजना पदाधिकारी श्री मोतिऊर रहमान ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान–2.0 का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है। मनरेगा मजदूरों काई-केएयसी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कार्य और भुगतान प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। सभी ने कैम्प के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।कैम्प के दौरान बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूरों का ई-केएयसी सफलतापूर्वक किया गया, जिससे मजदूरों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे लाभकारी बताया।मौक़े पर के सी दास, मानिक दास, जाफरान,मुखिया संतोशीला, रोजगार सेवक लालू रजक,सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आकांक्षी प्रखड़ कार्यक्रम के तहत बैठक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** नीति आयोग के तत्वावधान में संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान–2.0 के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण, बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में एक साथ संपन्न हुआ। अभियान का उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड लिट्टीपाड़ा अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी प्रमुख सूचकांकों में समयबद्ध संतृप्ति सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर कार्यरत मास्टर ट्रेनर्स को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं का प्रभावी, समन्वित एवं लक्ष्य आधारित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। ग्राम पंचायत बांड़ू एवं नावाडीह पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत लिट्टीपाड़ा प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में अभियान से संबंधित गतिविधियाँ व्यापक स्तर पर संचालित की जाएँगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल विकास




, शिक्षा, कृषि एवं पशुपालन तथा पौष्टिक आहार से जुड़े प्रमुख सूचकांकों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है, जिससे निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना–शिक्षा–संचार से जुड़ी विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को अभियान से जोड़ा गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया गया, जिसमें उपस्थित कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका, जेएसएलपीएस की दीदियाँ, ए एन एम/स्वास्थ्य सहिया, कृषक मित्र, जल सहिया सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में आकांक्षी ब्लॉक फेलो प्रियंका मोहाली, प्रखंड कृषि/कल्याण पदाधिकारी के.सी. दास, पंचायत सचिव जाफ़रान अंसारी, सुषमा मुर्मू, ग्राम रोजगार सेवक लालू रजक, दिनेश साहा सहित बड़ी संख्या में जे एस एल पी एस की दीदियाँ, आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका, ए एन एम, कृषक मित्र एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगरपालिका निर्वाचन 2026: जामताड़ा में प्रत्याशियों को मिले कड़े निर्देश; खर्च और आचरण पर रहेगी प्रेक्षकों की पैनी नजर

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता





**जामताड़ा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए शनिवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई (SGSY) प्रशिक्षण भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सामान्य एवं व्यय प्रेक्षकों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जामताड़ा नगर पंचायत और मिहिजाम नगर परिषद के चुनाव मैदान में उतरे अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और आचार संहिता की बारीकियों से अवगत कराया गया। बैठक में प्रेक्षकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को ऐसा आचरण नहीं करना चाहिए जिससे किसी धर्म, संप्रदाय या जाति की भावनाओं को ठेस पहुंचे। प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का उपयोग पूरी तरह वर्जित है। इसके अलावा, पोस्टर और पैम्फलेट पर प्रकाशक का नाम और पता होना अनिवार्य है। किसी अन्य अभ्यर्थी के चरित्र पर झूठे आरोप लगाने या भ्रामक समाचार फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यय प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन व्यय की अधिसीमा के अंदर ही खर्च करें। सभी प्रत्याशियों को एक 'व्यय पंजी' (Expenditure Register) दी गई है, जिसमें प्रतिदिन के खर्च का सही ब्योरा दर्ज करना अनिवार्य है। समय-समय पर इस पंजी की जांच व्यय प्रेक्षकों द्वारा की जाएगी।

**अनुमति और सभाओं के लिए नियम**

**बैठक में बताया गया कि:**

चुनावी सभाओं और वाहनों के उपयोग के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।

मतदान के दिन आवंटित पहचान पत्र को साथ रखना होगा।

मतदान की समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व (साइलेंस पीरियड) सार्वजनिक सभाओं और प्रचार पर पूरी तरह रोक रहेगी।

मतदाताओं को किसी भी प्रकार का रिश्वत, प्रलोभन या धमकी देना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से मिहिजाम नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक श्री संजय पाण्डेय, जामताड़ा नगर पंचायत के सामान्य प्रेक्षक श्री विभूति मंडल, मिहिजाम के व्यय प्रेक्षक श्री राजेश कुमार यादव और जामताड़ा नगर पंचायत के व्यय प्रेक्षक श्री शिवशंकर सिंह मुंडा उपस्थित थे।

इनके अलावा, निर्वाची पदाधिकारी (जामताड़ा) श्रीमती पूनम कच्छप, निर्वाची पदाधिकारी (मिहिजाम) श्री विजय कुमार, डीएसपी (मुख्यालय) श्री संजय कुमार सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पंकज कुमार रवि सहित वार्ड पार्षद पदों के निर्वाची पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# जामताड़ा: आदिवासियों की घटती जनसंख्या पर सांवता सुसार अखाड़ा ने जताई चिंता, सरकारी आंकड़ों पर उठाए सवाल

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**जामताड़ा।** झारखंड और विशेषकर संताल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की घटती जनसंख्या अब एक गंभीर और चिंताजनक विषय बन गई है। जामताड़ा विधानसभा के सुपयदी गांव में 'आदिवासी सांवता सुसार अखाड़ा' द्वारा आयोजित एक बैठक में इस मुद्दे पर गहन चर्चा की गई और समाज के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह बात सामने आई कि जनगणना 2001 से 2011 के बीच आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक ओर झारखंड सरकार के आंकड़े आदिवासियों की संख्या घटती हुई दिखा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धरातल पर आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को पूरी जीवंतता के साथ जी रहा है। आदिवासी सांवता सुसार अखाड़ा के सह-संयोजक और संताल टाइगर अबीता हांसदा ने सवाल उठाते हुए कहा, "प्रत्येक आदिवासी गांव में 'जवाय दाहड़ी-बहु बाँदी' (विवाह की रस्में) हो रही हैं, बच्चे जन्म ले रहे हैं। हर गांव में 'राय बार हाड़म' (अगुआ/मध्यस्थ) घूम रहे हैं और हमारे पारंपरिक रीति-रिवाजों से शादियां संपन्न हो रही हैं। जब समाज में वंश वृद्धि की प्रक्रिया निरंतर जारी है, तो सरकारी आंकड़ों में आदिवासियों की जनसंख्या क्यों घट रही है? यह संताल परगना के लिए एक बड़ा शोध और चिंता का विषय है।" संस्था के वरिष्ठ सदस्य और युवा बुद्धिजीवी उत्तम हेम्ब्रम ने कहा कि यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि आदिवासियों के अस्तित्व और उनकी पहचान से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विसंगति की तह तक जाना जरूरी है कि आखिर जनसंख्या वृद्धि के बावजूद रिकॉर्ड में कमी कहां से आ रही है। इस चर्चा और क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सह-संयोजक अबीता हांसदा (संताल टाइगर), वरिष्ठ सदस्य उत्तम हेम्ब्रम और सदस्य प्रगण मुर्मू सहित समाज के कई अन्य बुद्धिजीवी और ग्रामीण उपस्थित थे। अखाड़ा के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे इस विषय पर समाज को जागरूक करेंगे और आंकड़ों की इस विसंगति के कारणों का पता लगाने का प्रयास करेंगे।

# खट्टोजोरी में गूंजेगी श्रीमद् भागवत की अमृतवाणी: 15 फरवरी से भव्य आयोजन, वृंदावन से पधारेंगे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**जामताड़ा/फतेहपुर।** जामताड़ा जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत खट्टोजोरी गाँव में भक्ति और आध्यात्म का अनूठा संगम होने जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आगामी 15 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक 'श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर खट्टोजोरी सहित आसपास के क्षेत्रों में भागवत प्रेमियों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल महतो एवं ग्रामीणों ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। इस दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस महायज्ञ का मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक हिरण्यमय गोस्वामी महाराज (वृंदावन धाम, राधा कुण्ड) होंगे। महाराज श्री के सानिध्य में 16 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक बंगला भाषा में श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा होगी। सात दिनों तक चलने वाले इस दुर्लभ समागम में श्रद्धालु भक्ति के सागर में गोते लगाएंगे। सप्त दिवसीय कथा के उपरांत 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से पुर्णआहुति और हवन का कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जहाँ भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। आयोजन समिति खट्टोजोरी ने समस्त क्षेत्रवासियों और भागवत रस के रसिकों से करबद्ध निवेदन किया है कि वे इस पावन अवसर पर अपने परिवार सहित पधारें। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से इस कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है ताकि इस सफल आयोजन को यादगार बनाया जा सके।

# नगरपालिका निर्वाचन 2026: जामताड़ा और मिहिजाम में चुनावी बिसात बिछी; 5 पार्षद निर्विरोध चुने गए, अध्यक्ष पद के लिए 22 प्रत्याशी मैदान में

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता




**जामताड़ा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री रवि आनंद (IAS) ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता कर नगरपालिका चुनाव 2026 की वर्तमान स्थिति और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद अब चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उपायुक्त ने बताया कि नाम वापसी के बाद अब जामताड़ा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 06 प्रत्याशी और मिहिजाम नगर परिषद में 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**जामताड़ा नगर पंचायत:** 16 वार्डों के लिए 49 पार्षद प्रत्याशी मैदान में हैं।

**मिहिजाम नगर परिषद:** 20 वार्डों के लिए 68 पार्षद प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

चुनाव प्रक्रिया के बीच जिले के लिए अच्छी खबर यह रही कि दोनों निकायों से कुल 5 अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं:

मिहिजाम: मीना बाउरी (वार्ड 09), बेबी राय (वार्ड 16) और रमेश कुमार रजक (वार्ड 17)।

जामताड़ा: जयंती दत्त (वार्ड 09) और पूनम देवी (वार्ड 15)।

**मतदान केंद्र और मतदाता आंकड़े**

**मिहिजाम नगर परिषद:** यहाँ 20 वार्डों के लिए 39 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ 37,056 मतदाता वोट डालेंगे।

**जामताड़ा नगर पंचायत:** यहाँ 16 वार्डों के लिए 28 मतदान केंद्र होंगे, जहाँ 26,467 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**संवेदनशीलता:** जामताड़ा में 08 और मिहिजाम में 06 मतदान केंद्रों को 'अति संवेदनशील' श्रेणी में रखा गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि यह चुनाव गैर-दलीय आधार पर होगा। मतदान के लिए मतपत्र (Ballot Paper) और मतपेटिका का प्रयोग किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए गुलाबी और वार्ड पार्षद के लिए सफेद मतपत्र होगा। विशेष बात यह है कि इस चुनाव में नोटा (NOTA) का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। मतदाता अपनी पहचान के लिए वोटर आईडी कार्ड सहित 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव खर्च की सीमा भी तय कर दी है। मिहिजाम में अध्यक्ष प्रत्याशी अधिकतम 6 लाख और पार्षद 1.5 लाख खर्च कर सकेंगे। जामताड़ा में यह सीमा अध्यक्ष के लिए 5 लाख और पार्षद के लिए 1 लाख निर्धारित है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर फ्लाइंग स्क्वाड (FST) और स्टेटिक सर्विलांस टीम (SST) कड़ी नजर रख रही है। प्रेस वार्ता में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री राज कुमार मेहता ने कहा कि पूरे चुनाव क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों और चुनाव में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से 'शुष्क दिवस' (Dry Day) प्रभावी रहेगा।

**महत्वपूर्ण जानकारी:**

कंट्रोल रूम नंबर: 9470591069 / हेल्पलाइन 1950 (24 घंटे सक्रिय)।

मतगणना स्थल: न्यू पॉलीटेक्निक कॉलेज, पाथरचपड़ा।

अपील:उपायुक्त ने सभी नागरिकों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की है।

# रक्तदान महादान: हिरणपुर के युवा पत्रकार सुमित कुमार भगत ने 17वीं बार रक्तदान कर बचाई मरीज की जान




सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में मानवता की सेवा और परोपकार की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली है। पाकुड़ जिले के हिरणपुर निवासी युवा पत्रकार सुमित कुमार भगत ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए रक्तदान किया। यह उनका 17वां रक्तदान था, जो उन्होंने एक गंभीर मरीज की सहायता के लिए किया। युवा पत्रकार सुमित कुमार भगत को जब सूचना मिली कि पाकुड़ के अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय पुरुषोत्तम सिंह, जो डायलिसिस पर हैं और सोनाजोरी स्थित अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें रक्त की अत्यंत आवश्यकता है, तो उन्होंने बिना देर किए अस्पताल पहुँचकर रक्तदान करने का निर्णय लिया। युवा पत्रकार सुमित कुमार भगत का यह 17वां रक्तदान समाज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचती है, बल्कि इससे रक्तदान करने वाले का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आएं ताकि रक्त के अभाव में किसी की जान न जाए। सोनाजोरी अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों और मरीज के परिजनों ने युवा पत्रकार सुमित कुमार भगत के इस निस्वार्थ सेवा भाव और जज्बे की जमकर सराहना की है।

# नगरपालिका निर्वाचन 2026: पाकुड़ में निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को मिले कड़े निर्देश; उपायुक्त और सामान्य प्रेक्षक ने की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**पाकुड़।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पाकुड़ पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक श्री रंजित लोहरा एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री रंजित लोहरा ने माइक्रो ऑब्जर्वरों को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदान दिवस पर सभी माइक्रो ऑब्जर्वर समय पर डिस्पैच सेंटर पहुंचें और अपनी आवंटित पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से निर्वाचन कार्य को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ पूरा करने का आह्वान किया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने माइक्रो ऑब्जर्वरों को उनके महत्वपूर्ण दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि मतदान केंद्र पर निम्नलिखित बिंदुओं पर पैनी नजर रखी जाए:**

मतदान अभिकर्ताओं (Polling Agents) की उपस्थिति।

मतदाताओं की उंगली पर अमिट स्याही का सही उपयोग।

मतदाता पंजी (रजिस्टर) का विधिवत संधारण।

मतदान समाप्ति के पश्चात मतपेटियों और सामग्रियों को सुरक्षित रिसीविंग सेंटर तक पहुंचाने की प्रक्रिया।

उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वरों से आपसी समन्वय के साथ सजग होकर काम करने को कहा ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पर किसी प्रकार का सवाल न उठे। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने संदेश दिया है कि आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर सुरक्षा और पारदर्शिता के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# जामताड़ा नगर निकाय चुनाव: प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित, राजद समर्थित उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**जामताड़ा।** जिले में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्हों के आवंटन के साथ ही चुनावी रणभेरी बज चुकी है। चुनाव चिन्ह मिलते ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और जिले के गली-मोहल्लों में चुनावी चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थित उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जामताड़ा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल अर्चना कुमारी को "एयर कंडीशनर" चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं, मिहिजाम नगर परिषद से राजद समर्थित प्रत्याशी सुधा देवी को "चिमनी भट्ठा" चुनाव चिन्ह मिला है। चुनाव चिन्ह मिलने के तुरंत बाद दोनों प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ रणनीतिक बैठकें कीं और घर-घर जनसंपर्क अभियान (Door-to-Door Campaign) शुरू कर दिया है।

अर्चना कुमारी (जामताड़ा नगर पंचायत): उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनका मुकाबला सीधा विकास के मुद्दे पर है। अर्चना कुमारी के एजेंडे में नगर पंचायत क्षेत्र की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, जर्जर सड़कों का निर्माण और महिलाओं की सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दे प्राथमिकता पर हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता बदलाव चाहती है और उन्हें भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है।

सुधा देवी (मिहिजाम नगर परिषद): सुधा देवी ने मिहिजाम क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि बिजली, सड़क, पानी और नालियों की बदहाल स्थिति को सुधारना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन का वादा किया है।

राजद जिलाध्यक्ष दनेश यादव ने उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाते हुए कहा कि नामांकन के बाद से ही जनता का रुझान स्पष्ट रूप से राजद समर्थित प्रत्याशियों की ओर है। उन्होंने दावा किया कि लोग वर्तमान व्यवस्था से ऊब चुके हैं और नगर निकाय में नई ऊर्जा और नई सोच लाने के लिए अर्चना कुमारी और सुधा देवी को अपना आशीर्वाद देंगे।चुनाव चिन्ह मिलने के बाद केवल राजद ही नहीं, बल्कि अन्य राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जामताड़ा और मिहिजाम की सड़कों पर अब लाउडस्पीकर, पोस्टर और बैठकों का दौर शुरू हो गया है। समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। अब सबकी निगाहें मतदान के दिन पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जामताड़ा और मिहिजाम की जनता "एयर कंडीशनर" और "चिमनी भट्ठा" जैसे चिन्हों पर अपनी मुहर लगाकर किन्हें नगर निकाय की सत्ता सौंपती है।



# रैंक डिसाइड करता है निबंध, इन टिप्स की मदद से करें तैयारी

**निबंध लेखन यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा का अनिवार्य और एक महत्वपूर्ण भाग है। निबंध का पेपर सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के नौ पेपरों में से एक है। इस पेपर में आपको दो निबंध लिखने होंगे, जिनमें से प्रत्येक की शब्द सीमा 1000 - 1200 होगी। उम्मीदवारों को चार विषयों में से एक विषय का चयन करने के लिए दिया जाएगा।**

निबंध का पेपर कुल 250 अंकों का होता है, जिसमें एक निबंध 125 अंकों का होता है। इस पेपर के लिए एक बेहतर स्ट्रेटेजी बनाकर तैयार करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं टॉपर की तरफ से तैयारी के कौन-से टिप्स दिए गए हैं।

### इंट्रोडक्शन में पाठक को लुभाने की हो ताकत

निबंध की शुरुआत इंट्रोडक्शन से होती है यही कारण है कि इसका सबसे अधिक आकर्षक होना आवश्यक है। टॉपर्स का कहना है कि इंट्रोडक्शन एक बेहतर निबंध का मूल मंत्र है।

### डाटा और फैक्ट्स से निबंध होगा मजबूत

टॉपर्स का कहना है कि निबंध में ज्यादा से ज्यादा डाटा और फैक्ट्स शामिल करने का प्रयास करें। ऐसा करने से न सिर्फ आपका निबंध विश्वसनीय बनेगा साथ ही आपको बेहतर अंक भी मिल सकते हैं।

रोज योजना मैगजीन पढ़ें

निबंध लिखने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि रोज योजना मैगजीन पढ़ें। योजना मैगजीन पढ़ने से आपको यह आइडिया हो जाएगा कि सरकारी निबंध कैसे लिखे जाते हैं। उम्मीदवार इस स्ट्रेटेजी को जरूर अपनाएं।

### असल जिंदगी के उदाहरण करें शामिल

एक बेहतर निबंध लिखने के लिए आवश्यक है कि सभी पाठकों को उससे जुड़ जाए। ऐसा करने के लिए उम्मीदवार लिखते समय असल जिंदगी से जुड़े हुए उदाहरण या किस्से कहानियां लिख सकते हैं। यह निबंध को अधिक सरल और रोचक बना देती है।



# नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहतर विकल्प है डिस्टेंस एजुकेशन

**अगर आप किसी कारणों से नियमित कॉलेज नहीं जा सकें हो तो डिस्टेंस एजुकेशन एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। डिस्टेंस एजुकेशन से मिलने वाली डिग्री भी रेगुलर की तरह ही होती है जिसका इस्तेमाल आप अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कर सकते हैं।**

भारत जैसे देश में जहां आज भी बहुत सारे जिलों में कॉलेज या यनिवर्सिटीज नहीं हैं, वहां डिस्टेंस एजुकेशन का माध्यम खासा लोकप्रिय है। यह एक लचीला माध्यम है, जो छात्रों को पढ़ाई के दौरान दूसरे शौक को भी पूरा करने की छूट देता है। सबसे बड़ी बात यह कि यह कामकाजी और नौकरीपेशा वाले लोगों को भी उच्च शिक्षा की राह दिखा रहा है। इन डिस्टेंस लर्निंग सेंटर में डिप्लोमा, बैचलर डिग्री और पीजी व मैनेजमेंट कोर्स चलाए जाते हैं। कई डिस्टेंस लर्निंग सेंटर प्रोफेशनल कोर्स भी संचालित करते हैं जो रोजगारोन्मुख होते हैं। इनमें जर्नलिज्म एंड मास निकेशन, लाइब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर कोर्सेस आदि शामिल है।

ओपन यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना मुश्किल नहीं हैं। ये यूनिवर्सिटीज अपने नियमों के मामले में काफी लचीली होती हैं। यहां कोर्स की फीस भी अमूमन सामान्य संस्थानों के मुकाबले कम होती है। अकादमिक जानकारियों के लिए इन यूनिवर्सिटीज के कोर्स बेस्ट माने जाते हैं। कई यूनिवर्सिटीज में वीकएंड क्लासेज होती हैं, जिससे कामकाजी लोगों को सहूलियत होती है। पढ़ाई और नौकरी के बीच के समय का इस्तेमाल करने वालों के लिए ये यूनिवर्सिटीज ई-क्लास से लेकर छोटी अवधि वाली रेगुलर क्लासेज तक चला रही हैं।

### इग्नू और डिस्टेंस एजुकेशन

जो युवा नियमित कॉलेज नहीं जा सकते हैं, उनके लिए पढ़ाई करने और करियर बनाने के लिए एक बेस्ट यूनिवर्सिटी है। इग्नू की पढ़ाई का तरीका अन्य पारंपरिक यूनिवर्सिटीज से अलग है। इग्नू ने पढ़ाई का एक मल्टीमीडिया नजरिया अपनाया है। विज्ञान, कम्प्यूटर, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में पाठ्यक्रम भी शामिल है। यहां बीए जनरल कोर्स के साथ ही बीएससी जनरल की पढ़ाई भी होती है, जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन, बॉटनी और जूलॉजी जैसे विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यहां बीकॉम भी है। इसके अलावा बीबीए इन रिटेलिंग, बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज, बैचलर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन जैसे कोर्स हैं। इसके अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग के रूप में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी है। यहां बीएड और डिप्लोमा इन एजुकेशन यानी डीएड कोर्स भी अब डिस्टेंस एजुकेशन में शामिल हो गया है।

### डिस्टेंस एजुकेशन की ये हैं विशेषताएं

- डिस्टेंस एजुकेशन में स्टूडेंट को नियमित तौर पर किसी संस्थान में जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होती।
- सूचना क्रांति और इन्टरनेट के कारण डिस्टेंस एजुकेशन और आसान एवं प्रासंगिक हो गयी है।
- विजुअल क्लासरूम लर्निंग, इंटरैक्टिव ऑनसाइट लर्निंग और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्टूडेंट्स देश के किसी भी राज्य में रहकर घर बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।
- डिस्टेंस एजुकेशन से पढ़ाई करने की फीस काफी कम है।
- जॉब करने के साथ-साथ पढ़ाई की जा सकती है।
- कम अंक आने पर भी मनपसंद कोर्स में दाखिला मिल जाता है।
- किसी भी कोर्स के लिए उम्र बाधा नहीं होती है।
- साधारण कोर्स के साथ ही वोकेशनल कोर्स तथा प्रोफेशनल कोर्स भी किये जा सकते हैं।

### ये हैं प्रमुख डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर्स:

इग्नू, दिल्ली
सिम्बायोसिस सेंटर फॉर डिस्टेंट लर्निंग, पुणे
कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
अन्नामलाई यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु
पांडिचेरी यूनिवर्सिटी, पुड्डुचेरी
हिमाचल यूनिवर्सिटी, शिमला
गुरु जंभेश्वर, हिसार
एमडीयू, रोहतक
पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी
सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी





# नए ऑफिस में बनाना है इम्प्रेशन तो ये ट्राय करके देखिए

**जानते हैं कुछ टिप्स जिनसे आप नई वर्कप्लेस में खुद की क्षमताओं को साबित कर सकेंगे। करियर ग्रोथ के लिए लोग कई बार जॉब बदलकर नई कंपनी जॉइन करते हैं। जाहिर है, नई जगह एडजस्टमेंट में थोड़ी दिक्कत तो होती ही है। जानते हैं कुछ टिप्स जिनसे आप नई वर्कप्लेस में खुद की क्षमताओं को साबित कर सकेंगे।**

### अहम हैं पहले दो सप्ताह

हर कंपनी अपने नए एंप्लॉइज को कुछ दिन बिना किसी खास असाइनमेंट के ऑफिस में एडजस्ट करने का समय देती है। इस समय का फायदा उठाएं। छोटी-से-छोटी बातों को नोट करें। कंफ्यूजन हो, तो सवाल पूछें, लेकिन एक ही सवाल बार-बार पूछने से लोग खीज जाते हैं। विनम्र रहें और हर बात पर अपना नजरिया रखने से बचें।

### दोस्ती की जल्दी न करें

लोगों को जज करने में जल्दबाजी न करें। लोगों के बारे में बिना सोचे-समझे अपनी धारणा न बनाएं। साथ ही, ऑफिस गॉसिप से भी दूर रहें। लोगों को जानने के लिए अपना समय लें। सबसे एक जैसा व्यवहार करें। दोस्ती करने के लिए जबर्दस्ती किसी ग्रुप में शामिल होने की कोशिश न करें।

### बनाएं सही संतुलन

नई जॉब में दूसरों पर निर्भरता ज्यादा होती है, इसीलिए अक्सर लोग फ्रस्ट्रेट होने लगते हैं। ऐसे में अपना धैर्य बनाए रखें। हो सकता है कि कंपनी आपसे जॉइनिंग के कुछ ही दिन में परफॉर्मेंस की उम्मीद करे। ऐसे में सीनियर्स की मदद और खुद की परफॉर्मेंस में बैलेंस बनाने पर ध्यान दें।

### चमचागिरी नहीं

जब आपका बॉस आपसे खुश होता है, तो आपकी वर्क-लाइफ भी काफी अच्छी रहती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप अपना काम छोड़कर सिर्फ बॉस को खुश करने पर ही ध्यान दें। याद रखिए, आपकी परफॉर्मेंस आपसे ज्यादा बेहतर तरीके से बोलती है। इसलिए काम में लापरवाही न करें।

### रिकॉर्ड हों व्यवस्थित

रकिॉर्ड्स मेंटेन रखना एक अच्छे एंप्लॉयी की निशानी है, इसलिए अपनी वर्क-प्रोफाइल से संबंधति सारे डॉक्यूमेंट्स और मेल्स को मेंटेन रखें। इससे एक बैकअप हमेशा आपके पास रहेगा और कोई आप पर बेवजह दबाव नहीं बना पाएगा।





# बकरी पालन एक लाभकारी व्यवसाय

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महँगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी एक पालतु पशु है जिसे दूध तथा मांस के लिये पाला जाता है । इसके अतिरिक्त इससे चमड़ा, बाल, रेशा तथा खाद प्राप्त होता है । वातावरण एवं वरणात्मक प्रजनन ने बकरी की कई नस्लों को तैयार किया, जो विभिन्न स्थानों पर उपयोग के अनुसार पाई जाती हैं । आज भारत में लगभग 20 उन्नत नस्लें पाई जाती हैं । बकरी पालन का एक लाभकारी पहलू यह है कि इसे महिलाएं भी आसानी से पाल सकती हैं । वर्तमान में बकरी व्यवसाय की लोकप्रियता तथा सफलता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसका व्यवसायीकरण हो रहा हैं । औद्योगिक घराने तथा व्यवसायी बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और बड़े बड़े बकरी फार्म सफलतापूर्वक चल रहे हैं । भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में बकरी जैसा छोटे आकार का पशु भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं । विगत 2-3 दशकों में बढ़ी हुई वध दर के वाबजूद विकासशील देशों में बकरियों की संख्या में निरंतर वृद्धि, इनके सामाजिक एवं आर्थिक महत्व को दर्शाती हैं । प्राकृतिक रूप से निम्न कारक बकरी विकास दर को बड़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं और इन्हीं कारणों से बकरी का एक विशेष स्थान है - बकरी का विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में ढालने की क्षमता रखना । इसी गुण के कारण बकरियां देश के विभिन्न भौगोलिक भूभागों में पाई जाती हैं। बकरी की अनेक नस्लों का एक से अधिक बच्चा देने की क्षमता रखना । बकरी की व्याने के उपरांत अन्य पशु प्रजातियों की तुलना में पुनः जनने के लिये जल्दी तैयार हो जाना ।

बकरी पालन प्रायः सभी जलवायु में कम लागत, साधारण आवास, सामान्य रख-रखाव तथा पालन पोषण के साथ संभव है । इसके उत्पाद की बिक्री हेतु बाजार सर्वत्र उपलब्ध है।

### बकरी पालन की उपयोगिता

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महँगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी पालन मुख्य रूप से मांस, दूध तथा रोआ (पसमिना एवं मोहेर) के लिये किया जा सकता हैं । हमारे क्षेत्र में पाई जाने वाली बकरियां वयस्क होकर दो वर्ष में कम से कम 3 बार बच्चों को जन्म देती हैं और एक वियान में 1 से 2 बच्चों को जन्म देती हैं । बकरियों से मांस, दूध, खाल एवं रोआ के अतिरिक्त इसके मल-मूत्र से जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती हैं । बकरियां प्रायः चारागाह पर निर्भर रहती हैं । यह झाडियाँ, जंगली घास तथा पेड़ के पत्तों को खाकर हम लोगो के लिये पौष्टिक पदार्थ जैसे मांस एवं दूध उत्पादित करती हैं।

### बकरी पालन हेतु कुछ सावधानियां

- बकरा बकरी को अलग अलग रखना चाहिये।
- प्रथम प्रजनन 8 से 10 माह के बाद ही कराना चाहिये।
- बच्चा देने के बाद कम से कम 30 बाद ही पुनः प्रजनन करावें ।
- बकरी के बच्चों को ठंड से बचाना चाहिये।
- नर बच्चों का बधियाकरण 2 माह की उम्र में कराएं ।
- बकरियों का नियमित टीकाकरण कराएं तथा कृमिनाशक दवा दें ।
- आवास हमेशा साफ सुथरा रखें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### किशनगंज में युवक ने की 10 शादियां: प्यार के जाल में फंसाकर पैसे ऐंठे

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में एक युवक को 10 लड़कियों से शादी कर धोखाधड़ी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। सदर थाना क्षेत्र के सिंधिया कुलामणि गांव के काशीपुर बलवा स्थित छलिया इलाके से युवक को बंधक बनाए जाने की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे छुड़ाया। पुलिस आरोपी को किशनगंज थाना ले आई। पुलिस पूछताछ में आरोपी फारूक ने बताया कि उसने अब तक 10 शादियां की हैं। वह लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाता था, शादी के नाम पर उनसे पैसे ऐंठता और फिर मारपीट कर छोड़ देता था। फारूक ने दावा किया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जिसके कारण उसने इतनी शादियां कीं। उसने यह भी बताया कि उसकी सभी पत्नियां अपने मायके में हैं, जिन्हें वह मारपीट कर छोड़ चुका है। आरोपी के अनुसार, पकड़े जाने पर महिलाएं उसे मारती थीं, इसलिए वह ऐसा करता था। आरोपी ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उसने हाल ही में ससुराल आकर 90,000 रुपये दहेज के रूप में लिए थे और शादी की थी। उसने स्वीकार किया कि उसने अपनी सभी शादियों में पैसे लिए थे।

### बेगूसराय में सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। घायल को इलाज के लिए मंझौल अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतक की पहचान गढ़पुरा के सकड़ा निवासी शंकर यादव के पुत्र विकास कुमार यादव(25) के तौर हुई है। घायल बिट्टू कुमार वीरपुर के सरौंजा गांव का रहने वाला है। घटना बेगूसराय-रोसड़ा स्ग़-55 पर सिउरी पुल के पास की है। जानकारी के मुताबिक रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने दो अलग-अलग बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची मंझौल पुलिस मौके पर पहुंची। घायल दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विधानसभा स्टिकर लगी कार तस्करी करते चार गिरफ्तार

**पटना, एजेंसी।** तस्कर अब लग्जरी गाड़ियों से प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी कर रहे हैं। भपटियाही थाना क्षेत्र में चिकनी गांव के समीप एनएच-27 पर पुलिस ने गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर पटना नंबर की दो इनोवा क्रिस्टा लग्जरी गाड़ियों को जांच के लिए रोका तो उसमें 3280 बोतल कोरेक्स कफ सिरप मिले। गाड़ियों पर बिहार विधानसभा के कार पास के स्टिकर लगे हैं। पुलिस जांच कर रही है कि ये स्टीकर असली हैं या नकली। पुलिस ने गाड़ियों से चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से चार मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार तस्करों में एक भोजपुर और तीन पटना के कदमकुआं के हैं। पुलिस के अनुसार 22 कार्टन में करीब 5 लाख 66 हजार के कफ सिरप रखे थे। एसपी शरथ आरएस ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार तस्करों में रणधीर कुमार सिंह भोजपुर के सोभी डुमारा व कन्हैया महतो, सोनू कुमार और सुधीर कुमार पटना के कदमकुआं के रहने वाले हैं। इस मामले में भपटियाही थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस बरामद कोरेक्स सिरप के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की भी जांच कर रही है। ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। एक कार पटना से अररिया व दूसरी पिपरा खुर्द जा रही थी भपटियाही थानाध्यक्ष प्रजेश कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो इनोवा कारों में कफ सिरप की तस्करी की जा रही है। एक इनोवा कार को रोका तो 10 कार्टन कफ सिरप बरामद किया।

### ट्रक और टेंपो के बीच हुई भीषण टक्कर, तीन की मौत, तीन घायलों की हालत गंभीर

**सासाराम, एजेंसी।** रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र में खड़ारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बीती मध्यरात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल महिला इलाज के दौरान दम तोड़ गई। हादसे से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भगवलिया गांव निवासी 25 वर्षीय सरोज कुमार बैठा और महेंद्र पासवान के रूप में हुई है, जबकि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।जानकारी के अनुसार, बीती रात आठ लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर सासाराम लौट रहे थे। इसी दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई और कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए थाना प्रभारियों को आदेश दें',

# एसएसपी को हाईकोर्ट का निर्देश

**पटना, एजेंसी।** ध्वनि प्रदूषण को लेकर पटना उच्च न्यायालय ने अहम आदेश दिया है. शुक्रवार को अदालत ने पटना एसएसपी को निर्देश दिया कि वे सभी थाना प्रभारियों को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रित करने का आदेश दें. सुरेंद्र प्रसाद की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजीव रॉय ने ये आदेश दिया है.




पटना एसएसपी को निर्देशः हाईकोर्ट ने एसएसपी (पटना) को ये निर्देश दिया कि वे राजधानी के सभी थानों के थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी करें कि 'ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000' का सख्ती से पालन किया जाए. इस ?नियम के मुख्य बिंदु ?और उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण के खतरे को रोकना है.

रात में लाउडस्पीकर पर रोकः इसके तहत ?रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है. साथ ही ?दूसरों को असुविधा पहुंचाने वाले संगीत या शोर पर रोक है. पटना शहर में टेम्पो और ई-रिक्शा वाले बहुत तेज आवाज में भद्दे गाने बजाते हैं. इससे यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों को काफी असुविधा होती है.

ध्वनि प्रदूषण से बहुत परेशानीः पटना हाईकोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि ?रात के समय पटाखे फोड़ने पर भी पाबंदी है. इससे नागरिकों को ध्वनि प्रदूषण के कारण बहुत परेशानी होती है. इस पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता है. इसके साथ ही निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक ध्वनि प्रणाली (साउंड सिस्टम) के उपयोग पर भी रोक है. यह शादी-ब्याह, मूर्ति विसर्जन और कई अन्य अवसरों पर ऐसे साउंड सिस्टम का उपयोग होता है, जिसे सख्ती से रोकने की जरूरत है.

सरकारी वकील ने क्या कहा?ः सरकारी वकील प्रशांत प्रताप ने पीरबहोर, गोपालपुर, कदमकुआं और अन्य थानों की रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उनके अधिकार क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं. ?अब नागरिक इस तरह की शिकायत होने पर 112 नंबर पर डायल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं. ?

'112' डायल सेवा चौबीसों घंटे सक्रियः डीजीपी बिहार कार्यालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि अब '112' डायल सेवा, जो 1883 वाहनों के साथ चौबीसों घंटे सक्रिय है, नागरिकों के लिए ध्वनि प्रदूषण की शिकायत दर्ज करने का एक मंच बन गई है. कोर्ट ने 112 डायल व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये नगरिकों के लिए उपयोगी है. नागरिक बगैर थाना गए और अपना पहचान बताए इसका लाभ ले सकते हैं.

कई इलाकों में समस्या अधिकः रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के प्रतिबंधित समय के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाएगी. कोर्ट द्वारा नियुक्त ?न्यायालय मित्र वरीय अधिवक्ता अजय ने कोर्ट को बताया कि हालांकि कुछ कदम उठाए गए हैं लेकिन कदमकुआं, पीरबहोर, रूपसपुर, बुद्धा कॉलोनी और गांधी मैदान सहित कई थानों को अभी बहुत कुछ करना बाकी है. उन्होंने सुझाव दिया कि एसएसपी को अपने अधिकार क्षेत्र के सभी थानों में इन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए.

वायु प्रदूषण पर भी जताई चिंताः वहीं, ?वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर ने दानापुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य के कारण उड़ने वाली धूल का मुद्दा उठाया.

## दृष्टिहीन क्रिकेटर अनु कुमारी को 23.43 लाख रुपए का सम्मान

### वूमेन क्रिकेट टीम की रही सदस्य, नेपाल को 7 विकेट से हराकर जीता था खिताब

**बक्सर, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाली दृष्टिहीन महिला क्रिकेटर अनु कुमारी को बिहार सरकार ने 23 लाख 43 हजार 750 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की है। सिमरी प्रखंड के मुकुंदपुर गांव की अनु आज पूरे बिहार के लिए गर्व का प्रतीक बन गई हैं। यह सम्मान राशि शुक्रवार को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनु की संघर्षपूर्ण यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि अनु न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उनकी मेहनत और जज्बा यह साबित करता है कि हौसले बुलंद हों तो कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में नहीं टिक सकती

**वूमेन क्रिकेट टीम की रही सदस्य :** अनु कुमारी भारतीय ब्लाइंड वूमेन क्रिकेट टीम की अहम सदस्य रही हैं। पिछले वर्ष भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय वूमेन ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराकर विश्व चैंपियन का खिताब जीता था।

इस ऐतिहासिक जीत में अनु की भूमिका निर्णायक रही। फाइनल मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 114 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने महज 12.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया।

अनु ने मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके और बल्लेबाजी में 14 गेंदों पर 24 रन बनाकर टीम की जीत की नींव रखी। दबाव भरे क्षणों में उनका संयम और आत्मविश्वास टीम के लिए गेम चेंजर साबित हुआ।

मजबूत इरादों की मिसाल है अनु क्रिकेट विशेषज्ञों ने अनु के प्रदर्शन को फाइनल की सबसे बड़ी खासियतों में से एक बताया। सिमरी प्रखंड के काजीपुर पंचायत के एक साधारण परिवार से निकलकर विश्व चैंपियन बनने तक का उनका सफर मजबूत इरादों की मिसाल है। आज अनु कुमारी न सिर्फ बक्सर, बल्कि पूरे राज्य की बेटियों के लिए उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं।

## मेरा बेटा अपराधी था, पुलिस ने सही किया



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के हाजीपुर में पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी प्रिंस कुमार मारा गया। इस घटना के बाद उसके पिता नंदकिशोर सिंह ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। नंदकिशोर सिंह ने कहा कि उनका बेटा बचपन से ही अपराधी था और पुलिस ने उसे मारकर सही काम किया है। उन्होंने यह भी बताया कि वे पहले भी पुलिस से मुलाकात होने पर अपने बेटे का एनकाउंटर करने का आग्रह करते थे।

पिता के अनुसार, प्रिंस बचपन से ही अपराध में लिप्त था और उसका परिवार से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर कोई सवाल न उठाने की बात कही।

**सोना लूट कांड सहित दर्जनों मामले दर्ज :** यह मुठभेड़ वैशाली के सदर थाना क्षेत्र की हनुमान नगर कॉलोनी में हुई। पटना एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रिंस कुमार ढेर हुआ। प्रिंस कुमार गरौल थाना क्षेत्र का निवासी था। उस पर देश के सबसे बड़े सोना लूट कांड सहित हत्या और लूट जैसे दर्जनों गंभीर मामले दर्ज थे।

**पीएमसीएच से हुआ था फरार :** पुलिस के अनुसार, प्रिंस हाल ही में पटना पीएमसीएच से फरार हो गया था। उसकी तलाश में पटना एसटीएफ और वैशाली पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने उसे हनुमान नगर कॉलोनी में घेरा, जिसके बाद मुठभेड़ हुई।

## मछली पकड़ने गए व्यक्ति की डूबने से मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के बूढ़ी गंडक नदी में शुक्रवार देर रात मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक शुक्रवार शाम अपने साथियों के साथ मछली पकड़ने के लिए गया था। इसी दौरान वह बूढ़ी गंडक नदी के एक गहरे गड्ढे में डूब गया। डूबते देख साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की और किसी तरह बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अहियापुर थाना क्षेत्र के विजय छपरा गांव निवासी संजय कुमार सहनी (उम्र करीब 45 वर्ष) के रूप में की गई है। मौत की खबर फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



**परिजनों का बयान :** घटना को लेकर मृतक के परिजन राजू कुमार सहनी ने बताया कि संजय शुक्रवार शाम मछली पकड़ने के लिए विजय छपरा गांव के पास बूढ़ी गंडक नदी किनारे गया था। वहां नदी के किनारे बड़ा गड्ढा है, जहां वे लोग मछली पकड़ते हैं। शुक्रवार शाम ही खबर मिली कि संजय पानी में डूब गया है।

इसके बाद सभी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। परिजनों ने बताया कि मृतक की शादी करीब 12 वर्ष पहले हुई थी और उसके पांच बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और तीन बेटियां शामिल हैं।

**पुलिस और अस्पताल का बयान :** पूरे मामले में श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस इंचार्ज गौतम कुमार गुप्ता ने बताया कि पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## नीतीश सरकार का बड़ा फैसला.- अब हर गांव में दूध बिक्री केंद्र

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने डेयरी क्षेत्र में क्रांति लाने की बड़ी पहल की है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय-3 के तहत 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' संकल्प के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति गठित करने का फैसला लिया है. यह घोषणा मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की, जहां उन्होंने पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य दिलाने और उनकी आय बढ़ाने पर जोर दिया.



हर गांव में दुग्ध उत्पादन समिति का लक्ष्यः राज्य में कुल 39,073 गांव हैं, जिनमें से 25,593 गांवों में पहले से ही दुग्ध उत्पादन समितियां गठित हो चुकी है. शेष गांवों में अगले दो वर्षों के भीतर समितियां बनाने का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया गया है. इससे पशुपालकों को संगठित तरीके से दूध बेचने का अवसर मिलेगा, मध्यस्थों की भूमिका कम होगी और दूध उत्पादन में वृद्धि होगी. हर पंचायत में सुधा बिक्री केंद्रः सात निश्चय-2 के तहत सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं. अब सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य की सभी 8,053 पंचायतों में सुधा केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है. वर्तमान में केवल 100 पंचायतों में ये केंद्र हैं, जबकि शेष 7,953 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंत तक केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य है.

महिला उद्यमिता को बढ़ावाः नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ी जीविका दीदियों को आवंटित किया जाएगा. इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा.

'सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि' के तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है ताकि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके. '- नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूतीः डेयरी व्यवसाय के विस्तार से गांवों में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा. पशुपालकों की आय बढ़ने से ग्रामीण परिवारों की क्रय शक्ति मजबूत होगी. साथ ही, दूध और दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता बढ़ने से आम लोगों को पौष्टिक आहार आसानी से मिलेगा.

राज्यवासियों के लिए समृद्धि का मार्गः यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी और राज्य में समृद्धि लाएगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले भी सात निश्चय-3 के विभिन्न फैसलों की घोषणा सोशल मीडिया के माध्यम से की है, जो पारदर्शिता और जनसंपर्क का उदाहरण है.

सफेद क्रांति की नई शुरुआतः बिहार में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने की यह योजना 'सफेद क्रांति' को नई गति देगी. पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देकर राज्य आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर होगा, जिससे किसानों और ग्रामीणों का जीवन स्तर पहले से और बेहतर होगा.

## अधिकारी 5 दिन ऑफिस, 2 दिन फील्ड पर रहेंगे एक्टिव

**पटना, एजेंसी।** मॉनसून से पहले कामों को पूरा करने के लिए अब अधिकारी सप्ताह के सातों दिन अलर्ट मोड में कार्य करेंगे। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारियों के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। इस नए नियम के मुताबिक, पांच दिन अधिकारी समेत इंजीनियर ऑफिस के काम को पूरा करेंगे और हफ्ते में दो दिन फिल्ड में उपस्थित रहेंगे, जिससे काम तेज़ी के साथ बेहतर ढंग से पूरे हो सकेगा।बुडको एमडी अनिमेष कुमार पराशर ने निर्देश दिया कि 5 दिन अधिकारी ऑफिस में बैठकर योजना बनाएंगे और रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके साथ ही किसी तरह की शिकायत, निविदा संबंधी कार्य, पेमेंट, एनओसी सहित किसी भी प्रकार के पेंडिंग काम को जिला और मुख्यालय स्तर पर दूर करेंगे।? इसके साथ ही दो दिन परियोजना स्थलों पर जाकर काम के? वस्तुस्थिती जांच करनी होगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य सही मापदंड और गुणवत्ता के साथ हो रहा है अथवा नहीं। किसी भी तरह की समस्या होने पर वह मुख्यालय को सूचना देंगे।इस दौरान सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना, स्टॉर्म वाटर सिस्टम, शवदाह गृह निर्माण जैसी योजनाओं पर खास फोकस देने को कहा गया है। यह आदेश सभी 38 जिलों के परियोजना निदेशक के साथ ही मुख्यालय के पदाधिकारियों को भी जिलों में औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

### पूर्व मध्य रेल चलाएगा 285 होली स्पेशल ट्रेनें :यात्रियों की सुविधा के लिए 1 से 22 मार्च तक परिचालन

**हाजीपुर, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 1 से 22 मार्च के बीच 1410 होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। इनमें से पूर्व मध्य रेल 285 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। यह जानकारी पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। पूर्व मध्य रेल द्वारा चलाई जा रही ये 285 स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगी।

इन ट्रेनों का मुख्य उद्देश्य होली पर्व के दौरान होने वाली भीड़भाड़ को कम करना और यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया (कोटा)-दानापुर-सोगरिया स्पेशल ट्रेन कटनी, प्रयागराज छिवकी, छ्छ, बक्सर और आरा के रास्ते चलेगी। 09821 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 28 फरवरी 2026 और 7 मार्च 2026 को सोगरिया से रात 11:10 बजे खुलकर अगले दिन रात 11:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 2 मार्च 2026 और 9 मार्च 2026 को दानापुर से रात 1:15 बजे चलकर अगले दिन रात 1:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। यह ट्रेन डीडीयू में भी रुकेगी।

## गोपालगंज में दर्दनाक हादसा, घर में घुसी स्कूली बस, दो मासूमों की मौत

**गोपालगंज, एजेंसी।**जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ है. एक अनियंत्रित स्कूल बस सड़क किनारे स्थित एक झोपड़ीनुमा घर में जा घुसी. इस दौरान घर पर मौजूद दो मासूमों की बस की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

घर में घुसी स्कूली बसः वहीं एक गर्भवती महिला बुरी तरह घायल हो गई है, जिसे तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गर्भवती महिला का इलाज डॉक्टर की देखरेख में चल रहा है. दो बच्चों की दर्दनाक मौतः फिलहाल दोनों मासूमों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच न जुट गई है. फिलहाल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है. हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है.




बस खड़ी कर खाना खाने गया था ड्राइवरः मृत बच्चों की पहचान जहीरूद्दीन के चार वर्षीय बेटे आरिश और मुमताज के ढाई वर्षीय बेटा इंताज के रूप में की गई है. घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहा स्थित एक निजी स्कूल की बस गांव का ही चालक अपने घर लेकर आया था. बस को खड़ा कर चालक खाना खाने चला गया.

**बड़े भाई ने स्टार्ट कर दी बसः** इसी दौरान उसके बड़े भाई ने बस स्टार्ट कर दी. चालक की अनुपस्थिति में बस पर नियंत्रण नहीं रह सका और वह सीधे झोपड़ी में जा घुसी. झोपड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अंदर सो रहे दोनों मासूम बच्चों की दबकर मौत हो गई.

**लापरवाही के मामले में जांच कर रही पुलिसः** घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया है. मामले की जांच की जा रही है और लापरवाही को लेकर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है. गांव में शोक की लहरः इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. बताया जाता है कि इंताज और आरिश चचेरे भाई हैं. दोनो अपने झोपड़ीनुमा घर में सोये हुए थे. इसी बीच काल बन कर पहुंची स्कूली बस ने दोनों को रौंद दिया. वहीं चार वर्षीय आरिश की मां गर्भवती हैं, जिसे अगले चार दिनों में प्रसव होने वाला था.

**बेटे की मन्नत पूरी होने पर मां ने किया था छठ व्रतः** हालांकि बस में सवार सभी छात्र छात्राएं सुरक्षित हैं. आरिश चार बहनों में इकलौता भाई था. आरिश की मां ने बेटे की मन्नत पूरी होने पर छठ व्रत की थी, लेकिन उसे क्या पता था कि जिस बेटे के लिए वह छठ व्रत कर रही है, वह इतनी जल्दी ही अपने परिवार से जुदा हो जायेगा.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट की नजर में क्या है चुनाव आयोग की प्रक्रिया ?

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का। विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए।

### डिजिटल एडिक्शन का खतरनाक खेल, गाजियाबाद त्रासदी,पेरेंट्स के लिए सबक

ऑनलाइन खेल मनोरंजन का साधन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सीमित समय तय करना और आत्मनियंत्रण बेहद जरूरी है। अगर किसी बच्चे या किशोर को इसकी लत लग जाए, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। आज की आभासी दुनिया में ऐसे खेल भी आ गए हैं, जिनमें उपयोगकर्ताओं को जोखिम भरे कार्य दिए जाते हैं। बच्चे इन खेलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जिससे वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक विसंगतियों का शिकार हो जाते हैं, बल्कि कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां तीन नाबालिग बहनें मंगलवार देर रात इमारत की नौवीं मंजिल से कूद गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच–पड़ताल में पता चला कि ये तीनों बहनें एक ऐसे आनलाइन खेल की आदी थीं, जिसमें खेल के दौरान कुछ इस तरह के कार्य दिए जाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं होते। इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन तकनीक के इस साधन में कई तरह के खतरे भी छिपे हुए हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से न केवल बच्चों और किशोरों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि उनके व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गाजियाबाद में इमारत से कूदकर जान देने वाली लड़कियों के परिवारवाले भी इस बात से चिंतित थे और उनके आनलाइन गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे।कहा जा रहा है कि परिवार वालों ने इन तीनों बहनों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे बेहद निराश थीं। सवाल है कि ऐसे आनलाइन खेलों की अनुमति कैसे दे दी जाती है, जो किसी बच्चे के जीवन को खतरे में डाल दे या फिर उसकी मौत का कारण बन जाए? जाहिर है, इसके पीछे कानून में स्पष्ट दिशा–निर्देशों का अभाव हो सकता है। मगर अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह के जोखिम को हल्के में न लें और बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के दौरान उन पर नियमित नजर रखें।

*विस्तृत सैन्य विवरणों से परहेज करते हैं। भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं।*

## राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता

**(ललित गर्ग)**

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया। यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई।

कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं। सार्वजनिक मंचों पर बयान देते समय नेता प्रायः संकेतों और नीतिगत प्रश्नों तक सीमित रहते हैं।

## भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है

**(प्रह्लाद सबनानी)**

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को 'मदर आफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है। उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपका दिन व्यस्त रहने वाला है। अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। हालांकि आपके निर्णय लेने की क्षमता आपको लाभ के अवसर प्रदान करेगी। आपके रुके हुए कार्य तेजी के साथ पूरे होंगे। अगर किसी कार्य के लिए धन खर्च करना आगे चलकर आपके लिए लाभ देने वाला साबित होगा। शाम का समय आपका मांगलिक कार्यों में शामिल होने का है।

### वृष

आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। दिन की शुरुआत में थोड़ी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ सकती है। हालांकि माता-पिता के आशीर्वाद से दोपहर तक हालात सामान्य होते जाएंगे। वहीं, ससुराल पक्ष से भी तनातनी के संकेत मिल रहे हैं। इस दौरान अपने शब्दों का चयन सोच समझकर करें। आंखों से संबंधित परेशानी में सुधार होगा।

### मिथुन

आज दिन आपके लिए शुभ और लाभकारी रहेगा। इस दौरान आपकी संपत्ति में इजाफा होगा। कुछ नए अधिकार भी आपको प्राप्त हो सकते हैं। दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। गुरुजनों का आदर और सम्मान करने से आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### तुला

आज आपको अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा अधिक ध्यान देना होगा। किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों के कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक कार्यों में अड़चन आ सकती है। हालांकि, अचानक धन लाभ के योग भी बनते दिख रहे हैं। अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। वहीं, संतान से भी आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिक

आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कड़ी मेहनत का अच्छा फल प्राप्त होगा। संतान के साथ आपका जुड़ाव और अधिक मजबूत होता दिखेगा। ननिहाल पक्ष से आपको सहयोग या कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। अपनी शान शौकत पर आप धन खर्च कर सकते हैं। इससे आपके विरोधी परेशान रहेंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।आप सरकारी क्षेत्र से जहा लाभ ले पाएंगे।

### धनु

आज आपको पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही कुछ अच्छे लोग भी आपके साथ जुड़ेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किसी बैंक के लोन भी लेना पड़ सकता है। ऐसे में जो भी निर्णय लें सोच समझकर ही लें। परिवार का आपको साथ मिलेगा। पत्नी पक्ष से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। रात के समय परिवार के साथ आनंद से बीतेगा।

### कर्क

आज आप कठिन से कठिन कार्य आसानी से पूरा कर पाएंगे। माता-पिता से सुख और सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद से आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर आप थोड़े परेशान रह सकते हैं। इस दौरान आपको फिजूल खर्च से बचना होगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल आसार नजर आ रहे हैं।

### सिंह

आज लंबे समय से अटका हुआ कोई विवाद समाप्त होता दिख रहा है। समाज में आपके छवि मजबूत होगी। लोग आपकी तरफ खिंचे चले आएंगे। मान-सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा। रात का समय आपको परिवार के लोगों के साथ मौज-मस्ती में बीतेगा। सुख साधनों में वृद्धि होने का भी संयोग बना है। कल का दिन प्रेम संबंध के लिहाज से भी कन्या राशि के लिए अनुकूल है।

### कन्या

आज आपको सोच-समझकर खर्च करना होगा। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से परेशानी में पड़ सकते हैं। आपको परिवार के लोगों से बी थोड़ा संभलकर रहना होगा। विश्वासघात होने की संभावना नजर आ रही है। सांसारिक सुख भोग की वस्तुओं में इजाफा होगा।

### मकर

आज दिन की शुरुआत में आपका मन कुछ परेशान रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे आपके प्रयास असफल हो सकते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपके लिए कमाई के नए रास्ते खुलते चले जाएंगे। शाम तक आपको अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने वाद-विवाद में आपको सफलता मिलेगी।

### कुंभ

धार्मिक कार्यों की तरफ आपकी रुचि बढ़ेंगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना आपको समाज में मान-सम्मान दिलाएगी। इस दौरान आपको भाग्य का भी पूरा सहयोग मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होती चली जाएगी। हालांकि, शाम के समय आपको अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। पेट से संबंधित समस्या आपको परेशान कर सकती है।

### मीन

आज दिन आपके लिए लाभकारी रहने वाला है। किसी कीमती वस्तु को पाने की आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। हालांकि, न चाहते हुए भी आपके खर्चों में भी इजाफा होगा। वहीं, ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। व्यवसाय में लंबे समय से रुके हुए आपके कार्य पूरे होते जाएंगे। नए निवेश से आपको लाभ होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5997

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5997

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | | 14 | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5996 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | ■ | ति | ल |
| र | ■ | ड़ | ■ | गु | ला | ब | ■ |
| ■ | सं | ■ | बे | ना | म | | ■ |
| सा | के | त | ■ | ना | का | ■ | मु |
| म | त | ल | बी | ■ | फ | की | र |
| वे | ■ | घ | न | ■ | ■ | क | ली |
| द | रा | र | ■ | सा | ग | क | ■ |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



# लंबे वर्किंग आवर्स पर अर्जुन बिजलानी का खुलासा

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं। '

अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।''

जब उनसे पूछा कि क्या टीवी इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए, तो अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''तकनीकी रूप से यह संभव नहीं है। जब कोई शो हफ्ते में सातों दिन टेलीकास्ट होता है, तो इतने कम समय में काम पूरा करना मुश्किल हो जाता है।''

अर्जुन ने कहा, ''अगर काम के घंटे घटाकर 8 कर दिए जाएं, तो शो की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। दर्शकों तक अच्छी क्वालिटी का कंटेंट पहुंचाने के लिए कलाकारों और पूरी टीम को 12 घंटे तक काम करना पड़ता है। काम और सेहत के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है।''



# पर्दे पर 'हाउसवाइफ' का किरदार निभाएंगी आलिया भट्ट

## राजकुमार राव के साथ बनेगी जोड़ी!

**आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आईं हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा' थी, जो अक्तूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ' में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।

### मेल लीड निभाएंगे राजकुमार!

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया के साथ इस फिल्म में राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। अगर ऐसा होता है तो आलिया और राजकुमार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। अभिषेक पाठक 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फिल्म को शुरू कर सकते हैं।

### आलिया-राजकुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में नजर आई थीं। उनकी आगामी फिल्मों में यशराज के स्पाई-यूनिवर्स की एक्शन फिल्म 'अल्फा' है। इसमें उनके साथ में शरवरी वाघ और बॉबी देओल प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा, वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम कर रही हैं। वहीं, राजकुमार राव जल्द ही नेटफिलक्स की कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में दिखाई देंगे। साथ ही वो एक बायोपिक ड्रामा में नजर आएंगे। जिसमें वे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम का किरदार निभाएंगे।





# वीर दास ने कंगना को बताया 'पीढ़ी में एक बार आने वाली एक्ट्रेस'



बालीवुड एक्टर और कॉमेडियन वीर दास अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। वे 'लव आज कल', 'बदमाश कंपनी', 'देली बेली' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कंगना रनौत के साथ भी 'रिवॉल्वर रानी' फिल्म में काम किया है। हाल ही में वीरदास ने एक इंटरव्यू में कंगना के साथ किए काम का अनुभव शेयर किया। फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' से अपनी और कंगना की एक तस्वीर पर रिएक्ट करते हुए वीर दास ने उनके साथ काम करने के अनुभव शेयर किया। वीर दास ने साथ बातचीत में कहा, 'इस फिल्म में हम दोनों ज्यादातर समय एक-दूसरे से लड़ते नजर आते हैं। यह एक डार्क और थोड़ी अलग तरह की ब्लैक कॉमेडी है। कंगना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पीढ़ियों में एक बार पैदा होती हैं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया।

### फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' के बारे में

फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में कंगना रनौत ने रिवॉल्वर रानी का लीड किरदार निभाया है। वहीं वीर दास ने रोहन मेहरा का रोल किया, जो एक उभरते हुए बॉलीवुड अभिनेता हैं और जिनसे कंगना का किरदार प्यार करने लगता है। कहानी में कुछ लोग रोहन को अगवा कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें मारने का प्लान बनाते हैं। तब कंगना बंदूक उठाकर दुश्मनों से भिड़ जाती हैं और उनकी जान बचाती हैं। इस फिल्म का निर्देशन साई कबीर श्रीवास्तव ने किया था। फिल्म में पीयूष मिश्रा, जकिर हुसैन और जेशान कादरी भी अहम रोल में नजर आए थे।

### वीर दास के हालिया प्रोजेक्ट्स

वीर दास हाल ही में फिल्म 'हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस में बनी थी। इसमें मिथिला पालकर और मोना सिंह भी अहम किरदारों में थीं। वहीं इमरान खान और आमिर खान ने भी इस फिल्म में खास कैमियो किया था। इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अब वीर दास कॉमेडी वर्ल्ड टूर 'हे स्ट्रेंजर' करने वाले हैं। यह टूर 27 फरवरी से शिकागो में शुरू होगा और 23 मई को मलेशिया में खत्म होगा।

# सात साल बाद अभिनय में वापसी पर क्या बोलीं रिया चक्रवर्ती?



एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपकमिंग सीरीज 'फैमिली बिजनेस' से स्क्रीन पर सात साल बाद वापसी कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट के एलान के बाद एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने काम पर लौटने के लंबे सफर के बारे में बताया। उन्होंने पर्दे पर वापसी के लिए आभार जताया है।

### एक्टिंग में दोबारा आने पर बोली रिया?

हाल ही में रिया ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तैयार हो रही हैं। एक्टिंग में दोबारा वापसी करने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2019 में 'चेहरे' के लिए शूटिंग की थी। रिया ने कहा, '7 साल। यह सच में बहुत अजीब है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से एक्टिंग करूंगी। यह अविश्वसनीय है क्योंकि यह एक सपने जैसा है। जब मैं 17 साल की थी, तब यह मेरा सपना था। फिर वह सब हुआ। इसके बाद मुझे काम मिलना बंद हो गया। फिर मैं वापस आ गई। हालांकि अब मैं बहुत बदल गई हूं। अब मेरा एक अलग करियर है। अब कई मायनों में यह मायने नहीं रखता। कई मायनों में यह अभी भी पहले से कहीं ज्यादा मायने रखता है।'




### कौन सा सपना लेकर आई थीं रिया?

पोस्ट के कैप्शन में रिया ने लिखा 'सेट पर गए हुए 7 साल हो गए हैं। हालांकि मैं आज भी वही लड़की हूं जो 17 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरा एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुका रहा और इंतजार करता रहा।

### 'फैमिली बिजनेस' की स्टारकास्ट

सीरीज 'फैमिली बिजनेस' में रिया के अलावा विजय वर्मा, अनिल कपूर, ध्रुव सहगल, नेहा धूपिया, राइमा सेन, आकाश खुराना, अपरा मेहता, नंदीश संधू, अनंत नाग, रोहन विनोद मेहरा, टीना देसाई, कंवलजीत सिंह, मधु और इनायत सूद प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है

**इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा है कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं। अब धनुष के साथ शादी की खबरों पर मृणाल ठाकुर की ओर से प्रतिक्रिया आई है।**

सोशल मीडिया पर मृणाल ठाकुर का एक लंबा-चौड़ा स्टेटमेंट वायरल हो रहा है। इसको अभिनेत्री के फैन पेज पर शेयर किया गया, इसके बाद ये वायरल है। इस स्टेटमेंट में मृणाल ठाकुर के हवाले से कहा गया है, 'मैंने हमेशा यही माना है कि मेरा काम मेरी पहचान बने, न कि गपशप। फिर भी आज मैं खुद को ऐसी कहानियों से जुड़ा हुआ पाती हूं जो मैंने कभी नहीं लिखीं, ऐसी बातचीत जो मैंने कभी नहीं कीं और ऐसे फैसले जो मैंने कभी नहीं लिए। हाल ही में, एक तथाकथित शादी को लेकर कंट्रोवर्सी चर्चा में है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि धनुष हमेशा से मेरे लिए भाई समान रहे हैं। हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है। इससे ज्यादा कुछ नहीं। फिर भी मुझे आश्चर्य होता है कि लोग किसी महिला के निजी जीवन के बारे में कहानियां गढ़ने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं, बजाय इसके कि उसके जीवन के सफर को समझें।'

### अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं

अभिनेत्री की ओर से इस स्टेटमेंट में आगे कहा गया, 'मैं चुप रहना इसलिए नहीं चुनती क्योंकि मुझे कुछ छिपाना है। बल्कि इसलिए कि मेरा मानना है कि मेरे निजी जीवन को सार्वजनिक मंजूरी की जरूरत नहीं है। मैंने ऑडिशन, अस्वीकृति, लंबी रातों और अटूट आत्मविश्वास के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उस सफर को अफवाह तक सीमित करना गलत है। सोशल मीडिया हर किसी को अपनी बात कहने का मौका देता है, लेकिन यह जिम्मेदारी भी मांगता है। कुछ क्लिक, लाइक और शेयर भले ही नुकसान न पहुंचाएं, लेकिन वे ऐसी कहानियां गढ़ते हैं जो असल लोगों को प्रभावित करती हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं, इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।' सोशल मीडिया पर वायरल मृणाल ठाकुर का ये स्टेटमेंट उनके किसी ऑफिशियल पेज पर नहीं है। न तो इंस्टाग्राम पर मौजूद है और न ही एक्स पर। यही नहीं इस बयान को लेकर मृणाल ठाकुर की टीम की ओर से भी ये स्पष्ट किया गया कि अभिनेत्री ने ऐसा कोई स्टेटमेंट नहीं दिया है। ये पूरी तरह से फेक है। जिससे ये स्पष्ट होता है कि धनुष को भाई बताने वाला मृणाल का ये बयान असली नहीं है, बल्कि सिर्फ फेक है। ये बयान मृणाल या उनकी टीम की ओर से नहीं दिया गया है।

### शादी की खबरों को खारिज कर चुकी हैं मृणाल

हालांकि, मृणाल ठाकुर 14 फरवरी को अपनी शादी की खबरों को कई बार खारिज कर चुकी हैं। वो कई बार इन खबरों को सिर्फ अफवाह बता चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भी जब मृणाल से धनुष के साथ शादी की खबरों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अरे मुझे तो इनवाइट ही नहीं किया गया। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर वेडिंग डेट भी आ गई है। वो कहती हैं कि आ गई? मुझे किसी ने इनवाइट ही नहीं किया। मुझे भी बुला लेते।

### 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर जल्द ही आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा मृणाल की पाइपलाइन में 'डकैत' भी है, इसमें उनके साथ आदिवी शेष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से भीषण मुठभेड़, 1 जवान शहीद

**अबूझमाड़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों



के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ में गढ़चिरौली पुलिस का एक सी-60 कमांडो शहीद हो गया और तीन नक्सली मारे गए हैं। शुक्रवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भामरागढ़ उपखंड के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की खुफिया सूचना मिलने के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि छत्तीसगढ़ के कुछ नक्सली इस क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलने के बाद गुरुवार को 14 कमांडो टीमों ने बड़े पैमाने पर नक्सल विरोधी अभियान छेड़ा। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के दो शिविरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने मौके से एक महिला नक्सली सहित कुल तीन नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इलाके की तलाशी के दौरान घटनास्थल से एक एके-47 और एक एसएलआर राइफल भी जब्त की गई है। इस संघर्ष में अहेरी तालुका के रहने वाले 38 वर्षीय सी-60 जवान दीपक चिन्ना मडावी नक्सलियों की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए जंगल से एयरलिफ्ट कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में एक अन्य सी-60 जवान जोगा मडावी भी घायल हुए और उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़चिरौली भेजने की व्यवस्था की गई। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अभी भी अतिरिक्त नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका है, इसलिए जंगल में तलाशी अभियान निरंतर जारी है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की प्रक्रिया अभी चल रही है और नक्सल रोधी ऑपरेशन चल रहा है।

### चंबा का प्राचीन गिरड़ माता मंदिर जलकर खाक, चारों तरफ जमीं थी बर्फ फिर भी लग गई आग

**चंबा, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में प्रसिद्ध मां गिरड़ माता का एतिहासिक मंदिर भीषण आग की भेंट चढ़ गया है। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो में मंदिर धूं-धूं कर जलता हुआ दिखाई देता हैय़ घटना शुक्रवार दोपहर की है। पंचायत खुंदेल में स्थित यह मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने आग की भयानकता के बारे में बताया कि मंदिर के चारों तरफ बर्फ जमी थी, लेकिन फिर भी आग में जलकर नष्ट हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों को इसे बुझाने का भी मौका नहीं मिला। इस अग्निकांड में मंदिर में विराजमान भगवान की मूर्तियां जलकर खाक हो गईं। ऐसे में सबसे बड़ा डर मंदिर में मौजूद भगवान की मुख्य मूर्ती को लेकर था, लेकिन आशा लगाई जा रही है कि मुख्य मूर्ति नीचे गिरने के चलते सुरक्षित बच सकती है।

### नोएडा से यूपी के बड़े शहरों तक जाना हुआ आसान, बसों में मिलेगी ऑनलाइन टिकट

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा डिपो की लंबी दूरी की सभी बसें ऑनलाइन कर दी गई है। इनमें आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, बदायूं, कासगंज और एटा समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। इन बसों में अब अधिक से अधिक ऑनलाइन टिकट बुक हो, इसके लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। नोएडा डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो की अपनी वातानुकूलित बसें नहीं हैं। अन्य डिपो की वातानुकूलित बसें नोएडा डिपो होकर निकलती हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर और अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। नोएडा डिपो के अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण रूट और स्थानीय रूटों की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा की सफलता मुश्किल है। ऐसे में इन बसों में ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था नहीं है।

# कांग्रेस ने पार्टी से निकाला तो बिफरीं नवजोत कौर सिद्धू, राहुल गांधी को कह दिया पप्पू

## जमकर निकाली भड़ास

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस ने पूर्व क्रिकेटर और पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निकाल दिया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने अमृतसर में दी। भूपेश बघेल ने बताया कि नवजोत कौर सिद्धू पहले से ही कांग्रेस से निलंबित चल रही थीं। अब पार्टी ने उनके खिलाफ अगला कदम उठाते हुए औपचारिक रूप से निकालने की कार्रवाई कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अनुशासन सर्वोपरि है और पार्टी विरोधी गतिविधियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही नवजोत कौर सिद्धू ने सार्वजनिक रूप से कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। इसके बावजूद पार्टी ने संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी करते हुए उनको पार्टी से निकालने का फैसला लिया।

यह कार्रवाई अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधियों को लेकर की गई है। वहीं, पार्टी से निकाले जाने पर नवजोत कौर ने अपने एक्स हैंडल पर कांग्रेस हाईकमान पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने राहुल गांधी को पप्पू तक कह दिया। उन्होंने लिखा कि पप्पू ने आखिरकार अपने नाम पर मुहर लगा ही दी। एक ऐसा नेता जो सोचता है कि वह अकेला ईमानदार और जानकार इंसान है, जिसे जमीनी हकीकत का बिल्कुल भी पता नहीं है। उसके अंदरूनी सर्कल में काम करने वाले लोग उसे दूर रखने में कामयाब हो जाते हैं और उसके कोई



भी फैसला लेने से बहुत पहले ही टिकट बेचकर जिंदगी की ऐश-मौज करते हैं। वह किसी इमरजेंसी कॉल का जवाब देने में 6 महीने से अ?धिक लगा देता है, तब तक नुकसान होना तय होता है। लोगों को अपने साथ जुड़ने के लिए कहने से पहले उसे अपने तथाकथित समर्थकों से पूछना चाहिए कि क्या वे ईमानदार रहने के लिए तैयार हैं? क्या वे ईमानदार रहने और पंजाब के लिए काम करने को तैयार हैं?

**अपनी बनाई दुनिया में गुम रहते हैं राहुल**

आगे राहुल गांधी पर निधाना साधते हुए नवजोत ने कहा कि उनके पास जमीनी हकीकत सुनने के लिए न तो समय है और न ही कान, क्योंकि राहुल अपनी बनाई हुई दुनिया में रहना पसंद करते हैं। आपके ज्यादातर सम?र्थक निःस्वार्थ सेवा के लिए तैयार नहीं हैं, बल्कि वे अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वे वापस नहीं आने वाले हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो उनसे मौजूदा सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कहें और तैयार रहें अपनी फाइलें खुलवाने के लिए। सच बोलना और उसका सामना करना सीखो, जो है, था और हमेशा रहेगा।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे दोस्त के नाते सलाह है कि ज्यादा ध्यान देने वाला, समझदार, ग्रहणशील और प्रैक्टिकल बनो। आपके ज्यादातर क??थित समर्थक भाजपा में जा चुके हैं। न तो मैं आज तक किसी से मिली हूं और न ही कोई मेरे पास आया है। मैं एक फाउंडेशन के जरिए काम कर सकती हूं लेकिन मेरा समय और एनर्जी सिर्फ़ पंजाब की भलाई के लिए है। ईमानदार और मेहनती लोगों की इज्जत करना सीखिए, वरना आप राजनीति में अपना वजूद खो देंगे। ईमानदारी और सच्चाई की बात करने का कोई मतलब नहीं है, जब आपकी पार्टी में ज्यादातर भ्रष्ट नेताओं को सम्मान दिया जाता है। गुड लक। नवजोत कौर ने एक दूसरी पोस्ट में बीजेपी की भी तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि बीजेपी ने मेरे टैलेंट को पहचाना और अपने सर्वे के जरिए, जो किसी चीज से प्रभावित नहीं थे, मुझे 2012 में विधायक का टिकट दिया।

## मेट्रो स्टेशन के साथ शुरू होगा निर्माण

# गुरुग्राम के बख्तावर चौक पर बनेगा 6 लेन का अंडरपास

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित बख्तावर चौक पर अंडरपास निर्माण को लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने गुरुग्राम मेट्रो रेल



लिमिटेड (जीएमआरएल) को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। जीएमआरएल की तरफ से एकाध महीने में इस अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले चरण के निर्माण में बख्तावर चौक अंडरपास आ रहा है।

अंडरपास के ऊपर सेक्टर-47 मेट्रो स्टेशन का निर्माण होना है। अंडरपास और मेट्रो स्टेशन के पिलर एक रहेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पिछले साल हुई बैठक में फैसला लिया गया था कि इस अंडरपास का निर्माण जीएमआरएल की तरफ से किया जाएगा। पिछले महीने जीएमआरएल ने इस अंडरपास के डिजाइन को जीएमडीए अधिकारियों से साझा किया था। अंडरपास निर्माण से पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का आग्रह किया था। जीएमडीए की तरफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।

करीब एक किलोमीटर लंबा यह अंडरपास दोनों तरफ तीन-तीन लेन का तैयार होगा। इसके दोनों तरफ दो-दो लेन की सड़क का निर्माण किया जाएगा। अंडरपास के निर्माण को लेकर जीएमआरएल की तरफ से बेरीकेडिंग कर दी जाएगी। इससे पहले वाहनों के आवागमन के लिए दो लेन का रास्ता तैयार किया जाएगा। इस अंडरपास के ऊपर यू टर्न की सुविधा भी वाहन चालकों को दी जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो रूट पर सात अंडरपास और फ्लाईओवर तैयार होने हैं। उमंग भारद्वाज चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण एनएचएआई करवाएगा। जीएमआरएल बख्तावर चौक और कृष्णा चौक अंडरपास बनवाएगा। दोनों अंडरपास मेट्रो परियोजना के बीच में आ रहे हैं। कृष्णा चौक पर अंडरपास दूसरे चरण की मेट्रो परियोजना के बीच में आ रहा है।

# 45 मिनट में 3 घंटे का सफर अप्रैल से लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर फर्राटा भरेंगी गाड़ियां

**लखनऊ, एजेंसी।** निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर अप्रैल से वाहन दौड़ने लगेंगे। निर्माणकार्य लगभग अपने अंतिम चरण में है, स्कूटर इंडिया के पास एलिवेटेड रोड का कुछ ही हिस्सा ही बाकी है। इस हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एक्सप्रेस वे चालू हो जाने से लखनऊ से कानपुर तक सफर तय करने में लगने वाला तीन घंटे का समय सिमट तक 45 से -60 मिनट रह जाएगा, क्योंकि एक्सप्रेस वे पर वाहन 125 किमी की रफ्तार से दौड़ सकेंगे।नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया( एनएचएआई) के रीजनल अफसर गौतम विशाल और पीडी नकुल प्रकाश वर्मा ने



मीडिया संग लखनऊ से लेकर कानपुर तक एक्सप्रेस वे का जायजा लिया। कानपुर में बन रहे आउटर रिंग रोड को भी दिखाया। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक अप्रैल के पहले हफ्ते से शुरू होगा। इसका असर जल्द ही इकॉनमी और समाज पर दिखेगा। कानपुर आउटर रिंग रोड से कानपुर में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी और ट्रैफिक तीन गुना तेज़ हो जाएगा। एक्सप्रेसवे को पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के लिए एक स्ट्रेटेजिक ग्रोथ आर्टरी के तौर पर बनाया जा रहा है, जिससे लखनऊ-उन्नाव-कानपुर बेल्ट में तेज़ लॉजिस्टिक्स, सुरक्षित यात्रा और नए इन्वेस्टमेंट के मौके मिलेंगे। पीडी ने बताया कि लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे पर 63 पैन टिल्ट ज़ूम कैमरे हैं, जो ज़मीन पर किसी हरकत की तस्वीर दिखा सकते हैं। एक्सप्रेस वे को पूरी तरह से एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे के तौर पर डिज़ाइन किया गया। यह एनई-6 शुरू में छह लेन के साथ चलेगा, जिसे ट्रैफिक की मांग बढ़ने पर आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गाड़ियों को 125 किमी प्रति घंटा तक की स्पीड की इजाज़त होगी। यह लखनऊ में शहीद पथ को और कानपुर के पास आज़ाद मार्ग से जोड़ता है। इसमें लगभग 18 किमी एलिवेटेड रोड वे और 45 किमी ग्रीनफील्ड एरिया है। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर पांच स्थानों पर टोल प्लाजा है।

# सपा नेता के पिता की हत्या को लेकर बड़ा ऐक्शन, एक इंस्पेक्टर-दो दरोगा समेत 9 लाइन हाजिर

**बहराइच, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी विवेक यादव के पिता जगदेव यादव और दो अन्य मर्डर केस का खुलासा न होने पर बड़ा ऐक्शन हुआ है। एसपी रामनयन सिंह ने शुक्रवार की रात पयागपुर थाने की पूरी स्वाट टीम को भंग कर दिया। उन्होंने इसमें शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक (इंस्पेक्टर), दो दरोगा, एक हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। सपा नेता के पिता की हत्या के अलावा दो अन्य हत्याकांड का खुलासा नहीं होने, ई रिक्शा से 20 लाख के जेवरात की टप्पेबाजी समेत अन्य गम्भीर मामलों का खुलासा नहीं होने पर एसपी ने कार्रवाई की है।



एसपी के इस सख्त रूख से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी रामनयन सिंह ने स्वाट प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह यादव, दरोगा सर्वजीत गुप्ता, राशिद अली खान, हेड कांस्टेबल अजीत चंद्र सिंह, सिपाही राहुल वाजपेयी, अमित कुमार यादव, अंकुर यादव, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव, बजरंगी राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

दरअसल पयागपुर थाने के बघैल ताल में 13 जनवरी रात सपा लोहिया वाहिनी विधान सभाध्यक्ष विवेक यादव के पिता जगदेव यादव की नृशंस हत्या कर दी गई थी। चार दिनों पूर्व पयागपुर में ई रिक्शा सवार महिला के 20 लाख के जेवर की टप्पेबाजी, कैसरगंज इलाके में हुई चोरी और पयागपुर के ननके हत्याकांड का खुलासे में स्वाट टीम असफल रही है। इससे पूरी यूनिट भंग कर दी गई। इसके पीछे बड़ी वजह बताई जा रही है।

**सपा नेता के पिता की हत्या को लेकर अखिलेश यादव ने किया था पोस्ट:** सपा लोहिया वाहनी पयागपुर विधानसभा अध्यक्ष विवेक यादव के पिता की हत्या को लेकर पिछले महीने सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा कि बहराइच में पीडीए समाज के पूर्व पंचायत सदस्य की हत्या होने पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाता है जबकि इसके विपरीत दूसरे मामलों में सीधे एनकाउंटरी कार्यवाई हो जाती है, बुलडोजर बुलेट ट्रेन की स्पीड से पहुंच जाता है।

# मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के घूसखोर अफसरों पर एक्शन, सीबीआई ने रंगे हाथ 2 को किया गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पुणे के खड़की इलाके में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के 2 अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अफसरों में असिस्टेंट गैरीसन इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। यह कार्रवाई 5 फरवरी को की गई, जब सीबीआई ने जाल बिछाकर जूनियर इंजीनियर को शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। रिश्वत की पूरी राशि उनके कार्यालय से बरामद कर ली गई। असिस्टेंट गैरीसन इंजीनियर को भी साजिश में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। यह मामला भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

सीबीआई ने 3 फरवरी को यह मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता एक निजी कंपनी के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक हैं। शिकायत के अनुसार, कार्य पूरा होने और प्रमाणपत्र जमा करने के बावजूद अधिकारियों ने भुगतान रोका हुआ था ताकि रिश्वत वसूली जा सके। शुरू में दोनों अधिकारियों ने 6 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद इसे पहले किस्त के रूप में 2 लाख रुपये पर तय किया गया। शिकायतकर्ता ने सीबीआई से संपर्क किया, जिसके बाद ट्रैप लगाया गया और आरोप सिद्ध हुए। ट्रैप के दौरान जूनियर इंजीनियर को रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद दोनों अधिकारियों के आवासीय और कार्यालयी परिसरों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दस्तावेजों के अलावा 1 लाख 88 हजार 500 रुपये की अनएक्सप्लेन्ड नकदी बरामद हुई। यह राशि उनकी वैध आय से अधिक बताई जा रही है। सीबीआई की जांच में यह साजिश रिश्वतखोरी की व्यवस्थित प्रक्रिया का हिस्सा प्रतीत हो रही है, जहां ठेकेदारों को भुगतान के लिए मजबूर किया जाता है। ऐसे मामलों में रिश्वतखोरी सरकारी कार्यों में पारदर्शिता को प्रभावित करती है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभागों में विश्वास को कमजोर करती है।




सीबीआई ने इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा बताया है। जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई कर रही है, जिसमें अन्य संभावित शामिल लोगों की जांच और सबूत जुटाने का काम शामिल है। यह घटना रक्षा क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदारों के लिए चेतावनी है कि वे रिश्वत के दबाव में न आएं और सीधे एजेंसी से संपर्क करें। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे गिरफ्तारियां भ्रष्टाचार को रोकने में अहम भूमिका निभाती हैं और सरकारी तंत्र में जवाबदेही बढ़ाती हैं।

# घूसखोर पंडत पर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी, फिल्म के टाइटल को बताया शर्मनाक

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के टाइटल की तीखी आलोचना की है। शुक्रवार को एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, जहां पहले धार्मिक आधार पर विभाजन हुआ और अब जाति के आधार पर हो रहा है। साथ ही यूजीसी दिशानिर्देशों में भी भेदभाव दिख रहा है, ऐसे में इस तरह का फिल्म टाइटल जारी करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और कहा कि यह उसी समूह के खिलाफ रिवर्स लेबलिंग है, जिस पर अक्सर भेदभाव का आरोप लगता है। प्रियंका चतुर्वेदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सामग्री की जिम्मेदारी पर जोर दिया और कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपनी सामग्री के लिए अधिक जवाबदेह होना चाहिए।

फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे ने विवाद के बाद माफी मांगी है और प्रचार सामग्री हटा दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है, जिसमें पंडत शब्द केवल एक काल्पनिक चरित्र का उपनाम है और यह किसी जाति, धर्म या समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करता। फिल्म में मुख्य भूमिका मनोज बाजपेयी निभा रहे हैं, जो एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाती है। निर्देशक ने कहा कि टाइटल से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके लिए वे क्षमाप्रार्थी हैं और प्रचार सामग्री हटाकर फिल्म को पूर्ण संदर्भ में देखने की अपील की है। इस बीच, लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे और उनकी टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि टाइटल और संभावित कंटेंट से धार्मिक तथा जातिगत भावनाएं आहत हुई हैं। इससे सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों में व्यापक आक्रोश है, कुछ समूहों ने विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पुलिस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है।

# देश की सबसे ऊंची इमारत का प्रस्ताव, पर सामने यह बड़ी चुनौती

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा सरकार गुरुग्राम को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी शहरी प्रोजेक्ट साकार करने जा रही है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित की जा रही 1003 एकड़ की 'ग्लोबल सिटी' में अब देश की सबसे ऊंची इमारत बनाने का प्रस्ताव सैद्धांतिक रूप से तय कर लिया गया है। सरकार की योजना ऐसी गगनचुंबी इमारत खड़ी करने की है, जिसकी ऊंचाई इतनी हो कि इसके शीर्ष से पूरा एन.सी.आर. एक ही नजर में दिखाई दे।

यह इमारत गुरुग्राम को दुनिया के उन चुनिंदा महानगरों की कतार में खड़ा कर देगी, जिनकी पहचान उनकी ऊंची इमारतों से होती है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार अब इस प्रोजेक्ट के लिए एडवाइजर की तलाश कर रही है। विदेशी कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टैंट्स की मदद से इस कॉन्सैप्ट को सिरे चढ़ाया जाएगा, ताकि डिजाइन, तकनीक और सुरक्षा, तीनों स्तरों पर यह इमारत वैश्विक मानकों पर खरी उतर सके। हालांकि यह योजना अभी प्रस्ताव के स्तर पर है, लेकिन सरकार सैद्धांतिक फैसला ले चुकी है। एडवाइजर की नियुक्ति, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अध्ययन इसके अगले कदम होंगे। सरकार का साफ संकेत है कि यह इमारत सिर्फ ऊंची नहीं होगी, बल्कि भारत की शहरी महत्वाकांक्षा का प्रतीक बनेगी। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि ग्लोबल सिटी हरियाणा के औद्योगिक और शहरी विकास का भविष्य है। देश की सबसे ऊंची इमारत का प्रस्ताव गुरुग्राम को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा उद्देश्य केवल ऊंची इमारत बनाना नहीं, बल्कि ऐसा आइकॉनिक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना है जो निवेश, रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा दे। सभी तकनीकी, पर्यावरणीय और एविएशन मानकों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। दुबई की बुर्ज खलीफा (828 मीटर) आज भी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है और दुबई की ग्लोबल ब्रांडिंग का सबसे बड़ा चेहरा भी। शंघाई टॉवर (632 मीटर) चीन की आर्थिक ताकत का प्रतीक है। मक्का क्लॉक टॉवर (601 मीटर) धार्मिक और वास्तुशिल्प का अनूठा संगम है।



# ग्रेटर नोएडा में 5वीं मंजिल से कूदकर युवती ने की खुदकुशी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गाजियाबाद में 3 नाबालिग बहनों द्वारा बिल्डिंग से कूदकर जान देने का मामला थमा नहीं था कि ग्रेटर नोएडा से एक और खबर सामने आ गई। मामला उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा का है। यहां एक युवती ने शुक्रवार रात पांचवी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने सुसाइड नोट में लिखा- महादेव, मेरी जिंदगी में अब बचा ही क्या हैज. पुलिस ने बताया कि घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव की है। उसने बताया कि युवती के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। ईकोटेक-3 थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि मूल रूप से जौनपुर निवासी बरखा सिंह( 30 ) जलपुरा गांव में ट्विंस बिल्डिंग में अपनी नानी के पास बचपन से रहती थी। युवती की मां की मौत हो चुकी थी और पिता अलग रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे युवती अपने फ्लैट की छत पर गई और वहां से कूदकर आत्महत्या कर ली। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। उसने बताया कि परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper

# बीसीसीआई चैंपियन टीम को 7.5 करोड़ का इनाम देगा

**अंडर-19 वर्ल्ड कप**

## सूर्यवंशी ने भोजपुरी गाने पर डांस किया, अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 7.5 करोड़ की प्राइज मनी देगा। बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने शनिवार को इनामी राशि का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'जीत के बाद पूरा देश खुश है। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, यह सराहनीय है। हमने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है।'

भारत ने एक दिन पहले शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठी बार खिताब जीता। 175 रन की पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने जीत के बाद भोजपुरी गाने पर जमकर डांस किया। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया। फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

**खिलाड़ियों ने 'सॉरी-सॉरी' गाने पर डांस किया–** टीम के सेलिब्रेशन के एक वीडियो क्लिप में वैभव कहते हैं कि पंजाबी गाना समझ नहीं आ रहा गाइज, अब भोजपुरी लगेगा। इसके बाद वैभव ने पवन सिंह का गाना सॉरी-सॉरी प्ले किया। इसके बाद सभी खिलाड़ी इस भोजपुरी गाने पर डांस करने लगे।

वीडियो के आखिरी में वैभव कहते हैं कि अब मेरी तरफ से आज के लिए इतना ही काफी है। आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स ने डांस की वीडियो क्लिप पर कमेंट भी किया और लिखा कि 'एक बिहारी सब पर भारी।




**वैभव ने अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया–** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में वैभव सूर्यवंशी जीत के हीरो रहे। फाइनल में 175 रन की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा छक्के लगाने के चलते वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। उन्होंने 7 मुकाबलों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए, जिनमें 41 चौके और 30 छक्के शामिल थे।

प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद वैभव ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा। मैं ये अवॉर्ड पूरे सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट करना चाहता हूं।

**पिता बोले- वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही–** मीडिया से बातचीत में वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी ने टीम इंडिया के विश्व कप जीतने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वैभव समेत सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उनके मुताबिक, वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा, आज हम वर्ल्ड कप जीते हैं, इसके लिए हमें बहुत गर्व है। पूरा देश खुश है। बिहार और देशवासियों का आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहा है।वहीं, वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने भी खुशी जताते हुए कहा- हम और पूरे क्षेत्र के लोग बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। वैभव ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वह काबिले-तारीफ है। हमें पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलेगा।

### दोहरा शतक बनाने से चूक गए

वैभव सूर्यवंशी के दादा उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह उनके परिवार के लिए बेहद खुशी का पल है। उन्होंने बताया कि वैभव ने शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि वह दोहरा शतक बनाने से चूक गए। हम शुरू



से ही कह रहे थे कि वह फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आगे कहा कि 15 साल से कम उम्र का खिलाड़ी इस तरह का खेल दिखा रहा है, यह अपने आप में बड़ी बात है। भले ही वह दोहरा शतक नहीं बना पाए, लेकिन सिर्फ 80 गेंदों में 175 रन बनाना अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दूसरे खिलाड़ियों का थोड़ा और साथ मिलता, तो वैभव और भी बड़ा स्कोर खड़ा कर सकते थे।

# वैभव सूर्यवंशी अभी सीनियर टीम इंडिया के लिए क्यों नहीं खेल सकते, उम्र बन रही बाधा




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ अंडर–19 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल में 80 गेंदों पर 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने पूरी क्रिकेट दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 15 छक्कों से सजी इस विस्फोटक पारी के बाद फैंस के मन में एक ही सवाल है—जब वैभव इतने कम उम्र में बड़े–बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, तो फिर उन्हें सीनियर टीम इंडिया में मौका क्यों नहीं मिल रहा? इस सवाल का जवाब बीसीसीआई नहीं, बल्कि आईसीसी के नियमों में छिपा है।

## आईसीसी का उम्र से जुड़ा नियम बना सबसे बड़ी बाधा

वैभव सूर्यवंशी के सीनियर डेब्यू की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है आईसीसी की मिनिमम एज पॉलिसी। साल 2020 में लागू इस नियम के मुताबिक, कोई भी खिलाड़ी 15 साल से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल सकता। वैभव का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था और फरवरी 2026 में 19 वर्ल्ड कप जीतते वक्त उनकी उम्र अभी 14 साल ही थी। ऐसे में बीसीसीआई चाहकर भी उन्हें सीनियर टीम में शामिल नहीं कर सकती।

## 27 मार्च 2026 तक इंतजार करना होगा

चाहे वैभव घरेलू क्रिकेट में कितने भी शतक लगा लें या आईपीएल में गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दें, सीनियर टीम इंडिया का दरवाजा उनके लिए 27 मार्च 2026 के बाद ही खुलेगा, जब वे 15 साल के हो जाएंगे।

## हैरानी की बात: 19 करियर भी खत्म

जहां एक तरफ वैभव सीनियर टीम के लिए अभी छोटे हैं, वहीं दूसरी ओर उनका 19 करियर भी समाप्त हो चुका है। बीसीसीआई का सख्त 'वन–टूर्नामेंट रूल' कहता है कि कोई खिलाड़ी एक से ज्यादा 19 वर्ल्ड कप नहीं खेल सकता। 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के बाद वैभव अब 2028 या 2030 के 19 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जबकि तब भी उनकी उम्र 19 से कम ही होगी।

# भारत को छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले हीरोज

## वैभव ने फाइनल में 15 छक्के लगाए, हेनिल-अंबरीश ने 11-11 विकेट लिए

**हरारे (एजेंसी)।** भारत ने छठी बार अंडर–19 वर्ल्ड कप जीत लिया। टीम ने शुक्रवार रात हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया।

इंडिया ने 4 साल बाद यह टूर्नामेंट जीता है। टीम ने पिछला टाइटल 2022 में जीता था। 2024 के सीजन में भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

इस जीत के साथ भारत ने लगातार चौथा आईसीसी टूर्नामेंट भी जीत लिया है। इंडिया ने पिछले साल विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी और 2024 में टी–20 वर्ल्ड कप जीता था।

भारत ने सबसे ज्यादा 6 बार यह टूर्नामेंट जीता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 4 बार (1988, 2002, 2010, 2024) खिताब अपने नाम किए हैं।

पाकिस्तान 2 बार (2004, 2006) चैंपियन बना है। इसके अलावा बांग्लादेश (2020), साउथ अफ्रीका (2014), इंग्लैंड (1998) और वेस्टइंडीज (2016) ने एक–एक बार यह टाइटल जीता है।

**वैभव सूर्यवंशी –** फाइनल मैच में 175 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत 412 रन का टारगेट देने में कामयाब रहा। वैभव ने इस टूर्नामेंट के 7 मैचों में 74 के एवरेज से 444 रन बनाए। इनमें एक शतक 3 अर्धशतक शामिल रहे।

**ऑरोन जॉर्ज –** ओपनिंग करते हुए सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेली। उस मैच में भारत ने रिकॉर्ड 311 रन का टारगेट चेज किया था। ऑरोन जॉर्ज ने 5 मैचों में 170 रन बनाए।

**आयुष म्हात्रे –** फाइनल और सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारियां खेलीं। फाइनल में वैभव के साथ 90 बॉल पर 142 रन की साझेदारी की। उन्होंने 7 मैचों में 3 अर्धशतकों के सहारे 214 रन बनाए। इतना ही नहीं, 7 विकेट भी चटकाए।

**हेनिल पटेल –** भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल हैं। पहले ही मैच में यूएसए के खिलाफ 5 विकेट निकले। टूर्नामेंट में खेले 7 मैचों में 11 विकेट झटके। पूरे टूर्नामेंट में किफायती गेंदबाजी की। उनकी इकोनॉमी 4.44 रही।

**आरएस अंबरीश –** फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट निकाले। इनमें 115 रन बनाने वाले कालेब फॉल्कनर का विकेट भी शामिल था। टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल रहे। 4.93 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की।

# नीदरलैंड्स के सामने पाकिस्तान की फजीहत होने से बची, हारते-हारते जीता

## 19वां ओवर में फहीम ने तीन छक्के लगाकर बाजी पलट दी

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला मुकाबला पाकिस्तान की टीम ने अपने नाम कर लिया है। पाकिस्तान ने इस मुकाबले को 3 विकेट जीता। पाकिस्तान की टीम यह मुकाबला लगभग हार चुकी थी, लेकिन मैच के 19वें ओवर ने सबकुछ बदल दिया। पाकिस्तान आखिरी दो ओवर में 29 रनों की जरूरत थी और उनके 7 विकेट भी गिर चुके थे, लेकिन 19वें ओवर ने नीदरलैंड्स के लिए सब काम खराब कर दिया और पाकिस्तान की टीम यह मैच जीत गई। 18वें ओवर तक नीदरलैंड का पलड़ा भारी था। 19वें ओवर की पहली बॉल पर फहीम ने छक्का लगाया, लेकिन दूसरी बॉल पर मैक्स ओडाउड से उनका कैच ड्रॉप हो गया। जीवनदान मिलने के बाद फहीम ने दो छक्के लगाकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर कर दिया।




### डच पारी का पतन, 127/4 से 147 रन पर ऑलआउट

नीदरलैंड्स ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की थी। माइकल लेविट (24) और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (37) ने ठोस बल्लेबाजी की, लेकिन मध्यक्रम में अबरार अहमद और मोहम्मद नवाज ने शिकंजा कस दिया। नीदरलैंड्स एक समय 170+ के स्कोर की ओर बढ़ रहा था, लेकिन आखिरी 6 विकेट मात्र 20 रनों के भीतर गिर गए। अबरार अहमद ने कॉलिन एकरमैन और स्कॉट एडवर्ड्स जैसे जमे हुए बल्लेबाजों को आउट कर नीदरलैंड्स की कमर तोड़ दी। इसके अलावा सैम अयूब ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया।

**पहली पारी का हाल**

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम ने कप्तान सलमान अली आगा के फैसले को सही साबित किया। नीदरलैंड्स की टीम, जिसने एक समय 12वें ओवर तक 100 रन बना लिए थे, पाकिस्तानी स्पिनर्स के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। एक समय इस मैच में ऐसा लग रहा था कि नीजरलैंड्स की टीम बड़ी आसानी के साथ 170 से ज्यादा रन बना लेगी, लेकिन उनकी पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रनों पर सिमट गई।

# जेमिमाह रोड्रिग्स का हुआ प्रोमोशन, महिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में 8 नई खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सभी फॉर्मेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया है जबकि जेमिमाह रोड्रिग्स को महिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड क्ब से प्रमोट किया गया है। सबसे ऊपरी कैटेगरी में एक खिलाड़ी सालाना 50 लाख रुपए कमाता है, जबकि बी और सी कैटेगरी में खिलाड़ियों को क्रमशः 30 लाख और 10 लाख रुपए का भुगतान किया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने महिला कैटेगरी में 21 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं। आठ खिलाड़ी, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, श्री चरानी, ??हरलीन देओल, कश्वी गौतम, जी कमलिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल हसबनीस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में नए नाम हैं। यास्तिका भाटिया, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री और स्नेह राणा सभी ने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट बरकरार रखे हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि रेणुका ठाकुर, शैफाली वर्मा, ऋचा घोष और स्नेह राणा सभी को ग्रेड क्ब में रखा गया है, जबकि ग्रेड ष्ट में राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, श्री चरानी, ??यास्तिका भाटिया, हरलीन देओल, कश्वी गौतम, जी कमलिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल शामिल हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका को झटका, स्टार तेज गेंदबाज ईशन मलिंगा पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज ईशन मलिंगा चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था, जिसके बाद से ही उनके खेलने पर संशय बना हुआ था। अब आधिकारिक तौर पर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है।




**मलिंगा की जगह प्रमोद मदुशन की एंट्री –** ईशन मलिंगा के बाहर होने के बाद प्रमोद मदुशन को श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 32 वर्षीय मदुशन करीब तीन साल बाद टी20 इंटरनेशनल में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2023 में इस फॉर्मेट में मैच खेला था। अब मदुशन, दासुन शनाका, मथीशा पथिराना और दुश्मंथा चमीरा के साथ टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे। अपने करियर में अब तक उन्होंने 8 टी-20 मैचों में 12 विकेट लिए हैं।

**आईपीएल 2025 में चमके थे ईशन मलिंगा –** ईशन मलिंगा को आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंका की सीनियर टीम में जगह मिली थी। उन्होंने 7 मैचों में 13 विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया था। हालांकि, चोट के कारण अब वह वर्ल्ड कप में नजर नहीं आएंगे, जो टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

### श्रीलंका का टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

श्रीलंका को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और जिम्बाब्वे से होगा।

**8 फरवरी–** आयरलैंड बनाम श्रीलंका (कोलंबो)
**12 फरवरी –** ओमान बनाम श्रीलंका
**16 फरवरी –** ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका
**19 फरवरी –** जिम्बाब्वे बनाम श्रीलंका

### श्रीलंका की टी20 वर्ल्ड कप टीम

दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कमिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चरिथ असलंका, जेनिथ लियानागे, पवन रत्नायके, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महीश तीक्षाना, दुश्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, प्रमोद मदुशन।

# बहिष्कार विवाद पर सुनील गावस्कर का पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार

● पाक बार-बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी–20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत–पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार को लेकर चल रहे विवाद के बीच दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। गावस्कर का मानना है कि पाकिस्तान बार–बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है, लेकिन वही रवैया कभी भारत की ओर से वापस देखने को नहीं मिला।

**आईपीएल का उदाहरण देकर पाकिस्तान पर साधा निशाना–** सुनील गावस्कर ने याद दिलाया कि साल 2008 में जब आईपीएल की शुरुआत हुई थी, तब लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी शामिल थे। इसके अलावा पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका दिया गया था। गावस्कर ने कहा, हमने पहले ही पहल की थी। 2008 में आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी थे, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से कभी वैसी कोशिश नहीं दिखी, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्ते आज जैसे खराब नहीं थे।

**सिर्फ क्रिकेट नहीं, सांस्कृतिक आदान–प्रदान का भी जिक्र–** गावस्कर ने क्रिकेट से आगे बढ़कर सांस्कृतिक रिश्तों की भी बात की। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने भारतीय सिंगर्स या फिल्म स्टार्स को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम बढ़ाता है, लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसा कम ही देखने को मिलता है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत किसी तरह की 'बुलींग' नहीं कर रहा, बल्कि अपने रास्ते पर चल रहा है।

**भारत–पाक मैच के बहिष्कार पर बयान–** गावस्कर की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

# 'मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान मैच खेलने श्रीलंका आए'

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाक मैच को लेकर सुनील शेट्टी ने किया रिएक्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के फैसले पर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी का रिएक्शन सामने आया है। मुंबई में मीडिया से बातचीत के दौरान शुक्रवार को उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान का मैच होना चाहिए।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि उनकी टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बायकॉट करेगी।

इस मुद्दे पर इंडियन क्रिकेटर केएल राहुल के ससुर और एक्टर सुनील शेट्टी से जब सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि पाकिस्तान श्रीलंका में आकर खेले। न खेलने से क्या होगा? भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत जबरदस्त



राइवलरी है, जैसे एशेज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

## न्यूज बाइट्स

### गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 07 से पूजा तिवारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित



**गोड्डा (नि. सं.)।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के अंतर्गत गोड्डा नगर परिषद के वार्ड संख्या 07 से पूजा तिवारी को निर्विरोध वार्ड पार्षद घोषित किया गया है। निर्धारित समय-सीमा तक केवल एक ही अभ्यर्थी द्वारा नामांकन किए जाने के कारण यह स्थिति बनी। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि तक वार्ड संख्या 07 के लिए केवल पूजा तिवारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। दिनांक 05 फरवरी को हुई संवीक्षा के दौरान उनका नामांकन पत्र वैध पाया गया। वहीं, 06 फरवरी को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम समय-सीमा अपराह्न 3 बजे के बाद कोई अन्य अभ्यर्थी शेष नहीं रहा। इसके पश्चात झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 49(1) के तहत पूजा तिवारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। पूजा तिवारी पति अशोक कुमार तिवारी, पटेल नगर, गोड्डा की निवासी हैं।

### विद्यापति सांस्कृतिक परिषद ने अपने दिवंगत सदस्य को दी श्रद्धांजलि



**गोड्डा (नि. सं.)।** विद्यापति सांस्कृतिक परिषद द्वारा शनिवार शाम स्थानीय विद्यापति भवन में एक शोक सभा का आयोजन कर विद्यापति परिषद के 64 वर्षीय सदस्य सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पाठक के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अधिवक्ता सुधीर कुमार पाठक मूल रूप से पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत माधुरी गांव के तथा वर्तमान में कर्पूरी नगर निवासी थे। सभा में शामिल डॉ. वंशीधर मिश्र, सर्वजीत झा "अन्तेवासी", माधव चंद्र चौधरी, पवन कुमार झा, परितोष पाठक, मिथिलेश कुमार ठाकुर, विनय कुमार चौधरी, सुरजीत झा, नर्मदेश्वर झा, गौरव वत्स, प्रभु झा, मोली सिन्हा एवं अजीत कुमार ने उनके मिलनसार व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

### गोड्डा नप एवं महगामा नपं चुनाव को लेकर व्यय प्रेक्षक नियुक्त




**गोड्डा (नि. सं.)।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 को लेकर चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। इसी क्रम में गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र के लिए शशि कुमार को व्यय प्रेक्षक नामित किया गया है। व्यय प्रेक्षक शशि कुमार नगरपालिका आम चुनाव-2026 के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे चुनावी खर्च की निगरानी करेंगे। साथ ही चुनाव से संबंधित व्यय, प्रचार-प्रसार और आचार संहिता के अनुपालन पर भी उनकी पैनी नजर रहेगी। यदि किसी भी नागरिक या प्रत्याशी को चुनावी खर्च या अन्य किसी तरह की अनियमितता को लेकर शिकायत हो, तो वे निर्धारित स्थल और समय पर सीधे व्यय प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र से संबंधित शिकायतों के लिए संपर्क स्थल परिसदन (किसान भवन, गोड्डा) निर्धारित किया गया है। यहां रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में तय समय के भीतर आम लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसी तरह महागामा नगरपालिका आम चुनाव के लिए महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में उमेश चंद्र दास को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। वे महागामा क्षेत्र में चुनावी व्यय पर निगरानी रखने के साथ-साथ शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी निभाएंगे। महागामा नगर पंचायत क्षेत्र से जुड़ी चुनावी शिकायतों के लिए संपर्क स्थल एक्सपर्ट गेस्ट हाउस, महागामा तय किया गया है। यहां भी रविवार को छोड़कर अन्य कार्यदिवसों में निर्धारित समय पर व्यय प्रेक्षक से संपर्क किया जा सकता है।

### निर्वाचन प्रक्रिया में सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : डीसी

# नगर निकाय चुनाव को लेकर सेक्टर निर्धारण पर जिला स्तरीय बैठक

• बैठक में मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता, संचार व्यवस्था, वाहन एवं मानव संसाधन की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई।

निज संवाददाता | गोड्डा



नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के उद्देश्य से सेक्टर निर्धारण को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा नगर परिषद गोड्डा एवं नगर पंचायत महागामा अंतर्गत मतदान केंद्रों के भौगोलिक, प्रशासनिक एवं सुरक्षा दृष्टिकोण से उपयुक्त सेक्टर निर्धारण के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा एवं अनुमंडल पदाधिकारी महागामा के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक सेक्टर इस प्रकार चिन्हित किया जाए जिससे निर्वाचन कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण, त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई एवं कानून-व्यवस्था का बेहतर संधारण सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे अपने-अपने सेक्टर में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतगणना तक सतत निगरानी रखें एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता, संचार व्यवस्था, वाहन एवं मानव संसाधन की उपलब्धता तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके।

निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अवैध गतिविधि या कानून-व्यवस्था से संबंधित चुनौती से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता गोड्डा प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गोड्डा अविनाश पूर्णेन्दु, पुलिस उपाधीक्षक, हेडक्वार्टर गोड्डा जेपीएन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी फैजान सरवर, एईआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### टोटो की चपेट में आने से व्यक्ति गंभीर घायल, हायर सेंटर रेफर



निज संवाददाता | दुमका

रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महुबना छात्रावास के पास शनिवार को एक अनियंत्रित टोटो की चपेट में आने से सिकंदर सोरेन नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए शनिवार को दिन के करीब 11 बजे दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल की स्थिति को गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि दुर्घटना में व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और घायल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में टोटो चालकों की लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

पुलिस की ओर से मामले की जानकारी जुटाई जा रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### पथरगामा प्रखंड के पीपरा गांव में माइक्रो विधिक शिविर आयोजित

**शहीद जवान व स्वजनों की सहायता सर्वोपरि : डालसा**




निज संवाददाता | पथरगामा (गोड्डा)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर पथरगामा प्रखंड के पीपरा गांव में माइक्रो विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम के सदस्यों में शामिल अधिकार मित्र बासुदेव मणीनंदन कुमार, रामविलास महतो, रजनी कुमारी आदि ने ग्रामीणों को विविध जानकारी दी। उन्होंने डालसा की टीम ने वीर परिवार सहायता योजना पर प्रकाश डाला। कहा कि शहादत का सम्मान - न्याय की राह आसान। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारत के सशस्त्र बलों, अर्द्ध सैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के उन शहीद जवानों के परिवारों को सहायता प्रदान करना जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है।

नालसा का प्रयास है कि इन वीर परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता , मुआवजा प्राप्ति और सरकारी लाभ योजनाओं तक पहुंच में सहायता दी जाय। इसके तहत शहीद परिवारों को मुआवजा, पेंशन सहित सरकारी लाभ योजनाओं की जानकारी देना, सरकारी विभागों में लंबित मामलों में कानूनी सहायता प्रदान करना, विधिक अधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाना, बच्चों की शिक्षा, नौकरी और आर्थिक सहायता योजनाओं से जोड़ना एवं परिवार के सदस्यसों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग प्रदान करना है।

### दुमका-बासुकीनाथ निकाय चुनाव में सियासी संग्राम तेज, 24 प्रत्याशी अध्यक्ष पद की दौड़ में

## चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रचार ने पकड़ी रफ्तार, अध्यक्ष पद के लिए दुमका में 18 तो बासुकीनाथ में छह महिला उम्मीदवार मैदान में

निज संवाददाता | दुमका



नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को लेकर जिले का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा चुका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनावी तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दुमका नगर परिषद और बासुकीनाथ नगर पंचायत के सभी वैध प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं, जिसके बाद अब चुनाव प्रचार पूरे जोश में शुरू हो गया है।

दुमका नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए कुल 19 नामांकन दाखिल हुए थे, जिनमें एक प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया है। इस तरह अब 18 उम्मीदवार मैदान में हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए कुल 84 नाम निर्देशन प्राप्त हुए थे, जिनमें महिला आरक्षित 33 और अनारक्षित महिला सात शामिल हैं। नामांकन जांच के बाद दो नामांकन अस्वीकृत हुए, जबकि किसी ने नाम वापस नहीं लिया। वार्ड संख्या 13 में महिला प्रत्याशी और वार्ड संख्या 20 में पुरुष प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। शेष सभी वार्डों में मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी संभावना है।

बासुकीनाथ नगर पंचायत में इस बार अध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने से चुनाव और अधिक रोचक हो गया है। यहां छह महिला प्रत्याशी सीधे मुकाबले में हैं। वार्ड सदस्य पद के लिए कुल 81 नामांकन हुए थे, जिनमें से चार प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया है। नामांकन प्रक्रिया में तीन नामांकन अस्वीकृत किए गए, जिनमें दो महिला और एक अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। किसी भी वार्ड में निर्विरोध निर्वाचन नहीं हुआ है, जिससे सभी वार्डों में कड़ा मुकाबला तय माना जा रहा है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। दुमका के 42 मतदान केंद्रों में से 18 को अतिसंवेदनशील और 19 को संवेदनशील घोषित किया गया है। बासुकीनाथ में भी तीन मतदान केंद्र संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए एसएसटी, वीएसटी और एफएसटी की टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। आचार संहिता लागू होते ही पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। अब तक 41 लाइसेंसी हथियार जमा कराए जा चुके हैं। सात फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अलावा 87 लीटर शराब और 120 किलो जावा महुआ जब्त कर शराब माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी खर्च की सीमा भी तय कर दी गई है। दुमका नगर परिषद में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अधिकतम छह लाख रुपये और वार्ड सदस्य डेढ़ लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। वहीं बासुकीनाथ नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए पांच लाख और वार्ड सदस्य के लिए एक लाख रुपये की सीमा निर्धारित की गई है। जिले में मतदान 23 फरवरी को होगा, जबकि 27 फरवरी को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

चुनाव की घोषणा के साथ ही दुमका और बासुकीनाथ में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं और तरह-तरह की रणनीतियों के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। आने वाले दिन दोनों नगर निकायों के राजनीतिक भविष्य के लिहाज से बेहद अहम साबित होने वाले हैं।

### मतदान पदाधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न निष्पक्ष चुनाव के लिए उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

निज संवाददाता | दुमका




नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों के तहत शनिवार को जिला पंचायती राज कार्यालय में मतदान पदाधिकारियों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की, जहां उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में मतदान पदाधिकारियों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मतपेटिकाओं को खोलने और बंद करने की तकनीकी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान इन बारीकियों को गंभीरता से समझें।

सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान से पूर्व की तैयारियों, मतपेटिका की सीलिंग-अनसीलिंग और मतदान के बाद अभिलेखों के सही ढंग से संधारण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी कि यदि किसी भी प्रक्रिया को लेकर मन में कोई शंका हो, तो उसे प्रशिक्षण के दौरान ही दूर कर लें या जरूरत पड़ने पर वरीय पदाधिकारियों से मार्गदर्शन लें। उन्होंने अंत में दोहराया कि निर्वाचन ड्यूटी में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है और प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को धरातल पर उतारना प्रत्येक कर्मी का कर्तव्य है।

### परीक्षा की पवित्रता एवं निष्पक्षता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसडीओ

## कदाचार मुक्त मैट्रिक परीक्षा आयोजन को लेकर एसडीओ ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

निजसंवाददाता | गोड्डा



झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के सुचारु, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वैद्यनाथ उरांव के द्वारा गोड्डा जिला अंतर्गत सुंदरपहाड़ी प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों यथाः-आईटीआई कॉलेज सुंदर पहाड़ी ,प्लस टू उच्च विद्यालय सुंदरपहाड़ी,प्रभात तारा मिशन स्कूल चंदना का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, जैसे बैठक व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रश्न पत्रों के सुरक्षित वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा में प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक, वीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की पवित्रता एवं निष्पक्षता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की कदाचार की सूचना मिलने पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने परीक्षार्थियों से भी अपील की कि वे शांतिपूर्ण वातावरण में, बिना किसी दबाव के परीक्षा दें। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि के दौरान नियमित रूप से निगरानी बनाए रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना हो। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका बास्की मौजूद रहीं।

### अधिवक्ता संघ ने दी लोक अभियोजक को श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | गोड्डा



जिला अधिवक्ता संघ की ओर से शनिवार शाम कोर्ट परिसर स्थित पुस्तकालय में एक शोक-सह-श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा असामयिक रूप से दिवंगत लोक अभियोजक बशीर अहमद खान की स्मृति में आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष सुशील कुमार झा ने की, जबकि संचालन सचिव योगेश चंद्र झा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत लोक अभियोजक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वरीय अधिवक्ता क्रांतिधर सहाय, सर्वजीत झा, दिलीप तिवारी, तनवीर अहमद इरफानी, श्यामल किशोर ठाकुर और शेखर कुमार चौधरी ने कहा कि बशीर अहमद खान अपने कार्य के प्रति बेहद कर्मठ, व्यवहार में मिलनसार और स्वभाव से मृदुभाषी थे। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियों का हमेशा ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया। उनके आकस्मिक निधन से विधि जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

अन्य अधिवक्ताओं धर्मेंद्र नारायण, अरविंद मिश्र, दिवाकर यादव, सुबोध पंजीयारा, नूतन तिवारी, मो. असलम, संजय कुमार सहित कई सदस्यों ने भी अपने शब्दों में शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर बशीर अहमद खान को श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान वातावरण पूरी तरह शोकाकुल रहा और सभी ने उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखने की बात कही।

### उपायुक्त के औचक निरीक्षण से सहमे कर्मी व्यवस्था दुरुस्त करने के कड़े निर्देश जारी

निज संवाददाता | दुमका



अभिजीत सिन्हा ने शनिवार को जिला पंचायती राज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, महत्वपूर्ण अभिलेखों के संधारण और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालयीन कामकाज में पारदर्शिता लाना और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देना रहा।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने लॉग बुक सहित कार्यालय की विभिन्न पंजियों का बारीकी से अवलोकन किया। अभिलेखों के रखरखाव में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सभी रजिस्टरों को अविलंब अद्यतन और सुव्यवस्थित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्यालयी कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कार्य संस्कृति में सुधार लाने, अनुशासन बनाए रखने और हर फाइल का निष्पादन समयबद्ध तरीके से करने की हिदायत दी।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि पंचायती राज विभाग की योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों तक पहुंचता है, इसलिए इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए नियमित निगरानी और सटीक डेटा संधारण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कार्यालय स्तर पर कागजी पारदर्शिता ही धरातल पर विकास की मजबूत कड़ी बनती है। इस निरीक्षण से पूरे कार्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति रही और कर्मियों को कार्यों के प्रति जवाबदेह रहने का कड़ा संदेश मिला।

### अस्पताल परिसर के गड्ढे में गिरा गोवंशीय पशु, सुरक्षित बाहर निकाला गया



निज संवाददाता | दुमका

फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल परिसर में कचरा फेंकने के लिए बनाए गए गड्ढे में एक गोवंशीय पशु गिर गया। गड्ढा काफी गहरा होने के कारण पशु बाहर निकलने में असमर्थ हो गया और वहां कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी सबसे पहले अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मियों को मिली। सफाई कर्मियों की नजर जब गड्ढे में गिरे गोवंशीय पशु पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत अन्य कर्मियों को सूचना दी। इसके बाद सभी ने मिलकर पशु को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया।

कड़ी मशक्कत और सावधानीपूर्वक प्रयास के बाद गोवंशीय पशु को गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पशु को बाहर निकालने के बाद उसकी स्थिति की जांच की गई, जिसमें वह सुरक्षित पाया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर में खुले गड्ढों और कचरा निस्तारण की व्यवस्था पर ध्यान देने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।